नई दिल्ली, शनिवार 7 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष : 30, अंक : 201 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 30 न्यून. 16 haribhoomi.com



समस्त पापों के विनाश के लिए हमारे ये दीप

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रूप चौदस पर आपके जीवन में भक्ति, शुद्धता और आध्यात्मिक शक्ति आए।

रूप चौदस की शुभकामनाएं



सरयू के 56 घाटों पर करीब 30 लाख दीप जलेंगे

प्रभु राम के घर में आज जलेगी 'ज्योत से ज्योत'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

उप राष्ट्रपति के आगमन से दीप प्रज्ज्वलन तक मजिस्ट्रेटों के हाथ में रहेगी व्यवस्था की कमान

आज सरयू के 56 घाटों को 30 से 33 लाख दीपों से सजाया गया है। घाटों पर दीप सजाने का काम 35 हजार स्वयंसेवकों ने पूरा किया है। शुक्रवार को राम की पैड़ी सहित सभी घाटों पर दीपोत्सव का फाइनल रिहर्सल किया गया। इसके बाद शनिवार को सरयू तट पर भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। दीपों से जगमगाते घाटों के बीच दीप प्रज्ज्वलन और अन्य सांस्कृतिक आयोजन आकर्षण का केंद्र होंगे। उप राष्ट्रपति डॉ. सीपी राधाकृष्णन के आगमन से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रमों और दीप प्रज्ज्वलन तक अलग-अलग मजिस्ट्रेट व्यवस्थाओं की कमान संभालेंगे।

भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस

दीपोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात, पार्किंग, बैरिकेडिंग और आवागमन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। नया घाट स्थित सरयू आरती स्थल की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन ⏭ शेष पेज 5 पर



रंगबिरंगी रोशनी ने नहाया घाट

रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर में आस्था और वैभव का अद्भुत नजारा

न तिजोरी, न बैंक... मां महालक्ष्मी के दरबार में सजा 2 करोड़ का खजाना



करीब 2 हजार भक्तों ने पांच दिन के लिए सौंपी अपनी अमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतलाम

मध्यप्रदेश के रतलाम स्थित प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर में आस्था और वैभव का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। यहां मां लक्ष्मी का दरबार फूलों और रोशनी के साथ करीब दो करोड़ रुपए के भारतीय नोटों, 40 देशों की विदेशी करेंसी और सोने-चांदी के बेशकीमती आभूषणों से सजाया गया है। इस मंदिर की खासियत यह ⏭ शेष पेज 5 पर

40 देशों की करेंसी, सोने-चांदी के आभूषण और 57 चांदी के हाथियों से हुआ महालक्ष्मी का श्रृंगार

यूएन में बोले भारत के स्थायी मिशन में सैन्य सलाहकार कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह

शांतिरक्षकों पर हमले बर्दाश्त नहीं, दोषियों को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने एक बार फिर से दो टूक अंदाज में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) शांति सैनिकों पर किए जा रहे हमलों का विरोध करते हुए कहा कि इनके लिए जिम्मेदार लोगों या दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। ब्लू हेलमेट पहने शांति सैनिकों को असीमित और तकनीक से उत्पन्न होने वाले कई जटिल व गंभीर खतरों का सामना करना पड़ता है। भारत का स्पष्ट संकल्प है कि वह यूएन में शांति स्थापना अभियानों को और अधिक मजबूत करेगा तथा शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। यह जानकारी पिछले गुरुवार देर रात महासभा की चौथी समिति में शांति स्थापना अभियानों की व्यापक समीक्षा पर आयोजित वार्षिक बहस को संबोधित करते हुए कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने दी है। वर्तमान में वह यूएन में भारत के स्थायी मिशन में सैन्य सलाहकार के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।



शांति सैनिकों का मूल कार्य शांति स्थापना

कर्नल सिंह ने ये भी कहा कि भारत दुनिया का एक ऐसा देश है। जो संयुक्त राष्ट्र के ध्वज तले शांति स्थापना के लिए सबसे ज्यादा अपने सैनिकों की तैनाती करता है। आंकड़ों की मदद से मामले को देखें तो वर्तमान में विश्व के अलग-अलग भागों में चलाए जा रहे यूएन के 50 मिशन में नई दिल्ली के 3 लाख से अधिक सैनिक तैनात हैं। इसके साथ ही हमारा देश शांति सैनिकों और उनके कार्यों को शांति स्थापना के न केवल सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। बल्कि वह इसे एक अनिवार्यता के भी रूप में भी देखता है। नई दिल्ली ने इस पहलू को वर्ष 2028-29 के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल की प्राथमिकताओं में शुमार किया है। परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए चुनाव अगले साल 2027 में होने वाले हैं।

184 शहीद शांति सैनिकों को किया याद

कर्नल सिंह के मुताबिक, भारत ने यूएन शांति सैनिकों और वैश्विक शांति के इस ढांचे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया। इसके अलावा कहा कि जिन देशों के सैनिक और पुलिसकर्मी शांति मिशन में तैनात हैं। उन्हें यूएनएससी द्वारा तय किए जाने वाले जनादेश को आकार देने में अपनी बात रखने का व्यवस्थित अधिकार मिलना चाहिए। कर्नल सिंह ने यूएन के विभिन्न मिशन पर तैनाती के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान करने वाले भारत के कुल 184 शांतिसैनिकों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। कर्नल तरुणेंद्र ने शांति स्थापना के कार्य में बड़ी तादाद में तैनात महिलाओं के योगदान का भी उल्लेख किया। जिसमें उन्होंने बताया कि वर्ष 1960 से यूएन शांति सेना में भारत की महिला सैन्य कर्मियों का योगदान रहा है। नई दिल्ली ने वर्ष 2007 में लाइबेरिया में पहली बार एक पूर्ण सर्व-महिला पुलिस इकाई की तैनाती की थी। मौजूदा दौर में भारत ने 160 शांति सैनिकों को तैनात किया है।

यूएन प्रस्ताव 2589 की अहम भूमिका

उन्होंने कहा कि भारत ने शांतिरक्षकों पर हमला करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की जो बात कही है। उसका आधार यूएनएससी का प्रस्ताव-2589 है। जिसे अगस्त 2021 में भारत ने अपनी परिषद की अध्यक्षता के दौरान यूएन के मंच पर भी रखा था। दुनिया के करीब डेढ़ दर्जन देशों ने इसे स्वीकार करते हुए अपना समर्थन प्रदान किया था। भारत इस मामले में अपना नेतृत्व करना जारी रखेगा।

वोटर लिस्ट से नाम कटा तो सरकारी योजनाओं का लाभ भी छिन जाएगा?

राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर लगाया 'वोट चोरी' के साथ 'हक चोरी' का आरोप

- केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह के आधार की जगह वोटर आईडी और बायोमेट्रिक से भुगतान संबंधी बयान पर भड़के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष
- राहुल बोले- आज पंचायती राज की योजनाएं, कल राशन, पेंशन, मनरेगा और आवास का आ सकता है नंबर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सरकारी योजनाओं का लाभ हासिल करने के लिए आधार कार्ड की जगह वोटर आईडी (एपिक) नंबर और बायोमेट्रिक पहचान को आधार बनाने संबंधी केंद्रीय मंत्री के बयान ने देश की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए इसे गहरी साजिश करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए मतदाता सूची से करोड़ों लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं और अब उसी मतदाता सूची को सरकारी योजनाओं के लाभ से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी विस्तृत



प्रतिक्रिया में कहा कि यह केवल चुनाव में वोट चोरी का मामला नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकार छीनने की कोशिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए वोटर आईडी अनिवार्य कर दी गई, तो वह मतदान के अधिकार के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा और सरकारी सहायता से भी वंचित हो सकता है। उनकी यह टिप्पणी केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ⏭ शेष पेज 5 पर

ललन सिंह का बयान और एसआईआर का विवाद

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने 30 अक्टूबर को पंचायती राज मंत्रालय की ओर से आयोजित 'नेशनल वर्कशॉप ऑन पीपुल्स प्लान कैंपेन 2026-27' में यह बात कही थी। उन्होंने कहा था कि अब लाभार्थियों को भुगतान करने के लिए आधार कार्ड मुख्य पहचान का आधार नहीं रहेगा। इसके स्थान पर लाभार्थियों के बायोमेट्रिक विवरण और वोटर आईडी कार्ड नंबर इस्तेमाल किया जाएगा। मंत्री ने आधार व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि आधार कार्ड बनाने वाली संस्थाएं अब हर इलाके में उपलब्ध हैं और कुछ ही मिनटों में ⏭ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी से परिवार के साथ मिले सूर्यकुमार



बच्ची के भजन ने जीता दिल, साझा किया वीडियो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने सूर्या के बच्चों के साथ समय बिताया। मुलाकात का एक खास पल तब देखने को मिला, जब वहां मौजूद एक बच्ची ने खूबसूरत भजन सुनाया। भजन सुनकर पीएम मोदी ने तालियां बजाकर बच्ची का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने इस मुलाकात का वीडियो अपने एक्स हैंडल पर भी साझा किया। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा कि भगवान राम के आगमन और सरयू नदी के कारण इस साल दीपावली का आध्यात्मिक महत्व और बढ़ गया है। इससे त्योहार का माहौल और अधिक पवित्र और दिव्य हो गया है। इस मुलाकात के दौरान सूर्यकुमार ⏭ शेष पेज 5 पर

खासकर दक्षिणी राज्यों में उपलब्धता बढ़ाने के लिए नैफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार को भारत चावल का अतिरिक्त आवंटन किया गया

देश भर में चावल और धान के स्टॉक का खुलासा करना अनिवार्य किया गया, हर शुक्रवार को अपडेट करना होगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार खाद्य अनाजों, विशेष रूप से चावल की कीमतों पर कड़ी नज़र रख रही है। सरकार घरेलू स्तर पर पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, कीमतों में स्थिरता बनाए रखने, जमाखोरी रोकने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए कई नीतिगत कदम उठा रही है। चावल और धान का स्टॉक रखने वाली सभी इकाइयों को हर शुक्रवार को फूड स्टॉक पोर्टल पर अपने स्टॉक की जानकारी देनी होगी। साथ ही, यह सुनिश्चित करना होगा कि दी गई जानकारी सटीक हो और उसे नियमित रूप से अपडेट किया जाए। यदि कोई इकाई पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई जाती है या निर्धारित स्टॉक



सीमा का उल्लंघन करती है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6 और 7 के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दक्षिणी राज्यों में स्टॉक सीमा लागू करने के लिए सहमतिः उपभोक्ताओं को उचित कीमतों पर चावल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में, भारत सरकार ने ⏭ शेष पेज 5 पर

बाज़ार में उपलब्धता बढ़ाने के लिए भारत चावल का अतिरिक्त आवंटन

भारत चावल की बिक्री और उपलब्धता को पूरे देश में, विशेषकर दक्षिणी राज्यों में, व्यापक रूप से बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार तीन एजेंसियों नैफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार को इसका अतिरिक्त स्टॉक आवंटित कर रही है। इन एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे वितरण के सभी संभावित माध्यमों का पता लगाएं, ताकि भारत चावल अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके और उपभोक्ताओं को आसानी से उपलब्ध हो सके। इस पहल से बाज़ार में आपूर्ति बढ़ने, उपभोक्ताओं के लिए किफायती दामों पर चावल की उपलब्धता बेहतर होने और खुदरा कीमतों को नियंत्रित रखने में मदद मिलने की उम्मीद है।



खबर संक्षेप



54 मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने दिल्ली और हरियाणा के 26 मामलों में 'घोषित अपराधी' और 'गैंगस्टर एक्ट' के मामले में वांछित कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी गौरव यादव (31) के खिलाफ दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में झपटमारी, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के 54 मामले दर्ज पाये गये। इसके पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और तीन कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि आरोपी नए ठिकाने की तलाश में विकासपुरी-निलोठी नाला रोड स्थित 'मच्छी मार्केट' के पास आने वाला है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक रेडिंग टीम का गठन किया गया। रात लगभग 22:20 बजे गौरव यादव निवासी फतेहगढ़, फर्रुखाबाद जिला, यूपी के पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुए। आरोपी पूर्व में ओला कैब ड्राइवर के तौर पर भी कार्य कर चुका है।

30 हजार नकली सिगरेट जब्त, एक दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रोहिणी इलाके में एक ब्रांड की 30 हजार नकली सिगरेट जब्त कर 39 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद फैजान को सेक्टर-4 से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उत्तर रोहिणी इलाके में नकली सिगरेट की आपूर्ति और वितरण में शामिल एक व्यक्ति की गतिविधियों के बारे में मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम ने छापेमारी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 30 हजार नकली सिगरेट बरामद की गई। पुलिस अब नकली सिगरेट के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पैसों के विवाद और अपमान से था नाराज

चौकीदार ने की सहकर्मी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मॉडल टाउन इलाके में निर्माणाधीन इमारत में 30 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पैसों को लेकर बार-बार हुए विवाद और अपमान से नाराज होकर अपने सहकर्मी की लोहे की रॉड और सब्बल से हमला कर हत्या कर दी। आरोपी की पहचान राहुल उर्फ गुलाब के रूप में हुई है, जबकि मृतक का नाम 28 वर्षीय दिलीप कुमार बताया गया है। दोनों निर्माणाधीन इमारत में चौकीदार के रूप में काम करते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय रेलवे स्टेशन से समन्वित तलाशी अभियान के बाद गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक, घटना उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के डेरावाल नगर स्थित एक निर्माणाधीन इमारत में हुई। पांच नवंबर को मॉडल टाउन थाने में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें एक इमारत में एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने की सूचना दी गई थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पार्किंग क्षेत्र में एक खाट पर व्यक्ति का शव मिला। उसके माथे और गर्दन पर चोट के गहरे निशान थे। मृतक की पहचान बिहार निवासी दिलीप कुमार के रूप में हुई। जांच के दौरान उसके 20 वर्षीय भतीजे कपिल पटेल ने पुलिस को बताया कि निर्माण स्थल पर काम करने वाला राहुल अक्सर दिलीप से झगड़ा करता था। कपिल ने यह भी बताया कि चार नवंबर को हुए विवाद के दौरान आरोपी ने दिलीप को जान से मारने की धमकी दी थी। अगली सुबह राहुल अपने सामान के साथ गायब मिला, जिससे उसकी भूमिका पर संदेह गहरा गया। इसके बाद आरोपी की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई और स्थानीय स्तर पर सूचना जुटाई गई। पुलिस को राहुल के मुगलसराय रेलवे स्टेशन पर होने का पता चला और रेलवे कर्मचारियों के साथ समन्वय कर ट्रेनों के डिब्बों की तलाशी ली। इसी दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक ठेकेदार से पैसे लेता था, लेकिन राहुल के बिहार स्थित अपने गांव जाने के लिए आर्थिक मदद मांगने पर भी वह उसे पैसे देने से इनकार कर देता था। वह उसे अपमानित भी करता था। इससे राहुल के मन में गहरी नाराजगी थी। चार नवंबर को अपने गांव जाने के लिए पैसे मांगने पर दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ था। इस दौरान राहुल अपना आपा खो बैठा और दिलीप के सिर, माथे तथा गर्दन पर लोहे की छड़ और सब्बल से कई वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हो गई।

प्रभु श्रीराम की कृपा से दिल्ली को विकास की नई बुलंदियों तक ले जाएंगे: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

■ मुख्यमंत्री ने धनतेरस पर किया सार्वजनिक उत्सव 'जगमग दिवाली' का शुभारंभ

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने धनतेरस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित भव्य सार्वजनिक उत्सव 'दिल्ली की दिवाली- सबसे निराली, मिलकर मनाने वाली' में भागीदारी की। इस अनूठे सार्वजनिक उत्सव 'जगमग दिवाली' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दीपावली के शुभ अवसर पर दिल्लीवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और आनंद की कामना की। उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरणों में प्रार्थना करते हुए कहा कि दिल्ली के प्रत्येक निवासी का जीवन खुशियों से परिपूर्ण रहे और हर परिवार में सुख-समृद्धि सदैव बनी रहे। रेखा गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम ने राजधानी में दीपावली के उत्सव को एक नई पहचान दी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, रविन्द्र इन्द्राज, विधायक अभय वर्मा, अनिल कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष दिल्ली सरकार द्वारा भव्य स्तर पर 'दिल्ली की दिवाली' का आयोजन किया जा रहा है। कनॉट प्लेस दिल्ली का दिल है और इस बार यहां दो दिवसीय भव्य दीपावली उत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कनॉट प्लेस में कुछ समय पहले बने नकारात्मक माहौल को सकारात्मकता और उत्सव के माहौल में बदलना है।

पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में भी देश के अन्य बड़े शहरों की तरह भव्य दिवाली का आयोजन हो, लोग यहां आएं, परिवारों के साथ उत्सव का आनंद लें और दिल्ली की सांस्कृतिक पहचान को महसूस करें, इसी सोच के साथ 'दिल्ली की दिवाली' का आयोजन किया जा रहा है। यह केवल दो दिवसीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिल्ली के लोगों को एक साथ जोड़ने और दीपावली की खुशियां साझा करने का अवसर है।

इस भव्य आयोजन में कनॉट प्लेस पर दिल्लीवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग उत्सव के रंगों में सराबोर होकर आकर्षक 'जगमग दिवाली' का आनंद लेने पहुंचे। शाम का सबसे प्रमुख आकर्षण मंत्रमुग्ध कर देने वाला मेगा ड्रोन शो रहा, जिसने आसमान को भव्य दीपावली प्रतीकों और शानदार दृश्यों से रोशन कर दिया। ड्रोन शो के बाद मां लक्ष्मी की महाआरती का आयोजन हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह के बीच आध्यात्मिक वातावरण का संचार किया। इसके बाद वातावरण एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव में बदल गया। केशवम समूह द्वारा 'भजन क्लबिंग' की प्रस्तुति शुरू हुई। इस कार्यक्रम में भक्ति संगीत को आधुनिक संगीत प्रस्तुति के साथ जोड़ा गया।

इमारत ढहने के मामले में तीन ठेकेदार फरीदाबाद से पकड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चावड़ी बाजार इलाके में गुरुवार को एक तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढहने के मामले में फरीदाबाद से तीन ठेकेदारों को गिरफ्तार किया गया है। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी और कम से कम चार लोग घायल हुए थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के नाम सिराज, ताजुद्दीन और फुरकान हैं। इन्हें फरीदाबाद के सिरोही गांव से पकड़ा गया। तीनों पुरानी दिल्ली के अजमेरी गेट इलाके के रहने वाले हैं। इस घटना के सिलसिले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत दर्ज मामले में ये गिरफ्तारियां की गई। गौरतलब है कि चावड़ी बाजार में गुरुवार सुबह नौ बजकर 48 मिनट पर एक तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा और दिल्ली नगर निगम ने मिलकर संयुक्त बचाव अभियान चलाया। मलबे से बाहर निकाले जाने के बाद दो मजदूरों किशोरी (40) और संजीत (45) ने दम तोड़ दिया था। दो अन्य लोगों सहदेव चौधरी (25) और फिरोज (37) को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों की हालत स्थिर और खतरे से बाहर हैं।

अपराध शाखा ने एक लाख का इनामी उग्रवादी किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। वह मणिपुर में गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज दो मामले में वांछित था। इसकी गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम भी घोषित था। पकड़े गये शख्स की पहचान मणिपुर के थांगमेइबंद लौरोंगुरेल लीकाई निवासी आर.के. रेगन सिंह उर्फ गांधी के रूप में हुई है। इसे दक्षिण दिल्ली के यूसुफ सराय से गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी हर्ष इंदोरा के अनुसार अपराध शाखा ने गांधी को अग्रिम जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए मणिपुर पुलिस की एक टीम को सौंप दिया है। गत दिनों सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित पीएलए का एक वांछित उग्रवादी दिल्ली में मौजूद है। इसके बाद आरोपी का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए एक टीम गठित की गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि रेगन सिंह मणिपुर के थौबल थाने में यूएपीए के तहत दर्ज दो मामलों में वांछित था। वह कथित तौर पर प्रतिबंधित पीएलए/रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ) से जुड़ा था।

इ्यूटी पर घायल पुलिस कर्मियों को मिलेंगी 15 से 25 हजार की वित्तीय सहायता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने इस वर्ष इ्यूटी के दौरान घायल हुए अपने 250 से अधिक कर्मियों के लिए 15 से 25 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। आदेश में कहा गया कि दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने गंभीर रूप से घायल होने वालों के लिए 25,000 रुपये तथा अन्य घायल कर्मियों के लिए 15,000 रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है।

पुलिस प्रवक्ता राजीव रंजन के अनुसार यह सहायता दिल्ली पुलिस कल्याण सोसाइटी कोष से प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह वित्तीय सहायता कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान घायल हुए हमारे कर्मियों के समर्पण और बलिदान का सम्मान है। उनका हित दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस उपायुक्त विशेष मामलों में अधिक वित्तीय सहायता संबंधी प्रस्ताव भी आगे भेज सकते हैं। वर्ष 2026 में विरोध प्रदर्शनों और अन्य सुरक्षा संबंधी कर्तव्यों के दौरान कानून-व्यवस्था की विभिन्न व्यवस्थाओं को संभालते समय 250 से अधिक पुलिस कर्मी घायल हुए थे। दिल्ली पुलिस ने इ्यूटी के दौरान, विशेष रूप से हिंसा व प्रदर्शनों से निपटने या अपराधियों को पकड़ने के दौरान घायल हुए कर्मियों का हौसला बढ़ाने के लिए 2023 में 'आहत वीर सम्मान पत्र' की शुरुआत की थी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश उर्फ छोटे, पुत्रः सुरेंद्र, पताः टी–236, कबीर नगर, राणा प्रताप बाग, दिल्ली** ने **FIR No. 520/20, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश उर्फ छोटे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश उर्फ छोटे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 520/20, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना भारत नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **राजेश उर्फ छोटे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री अनुराधा जिंदल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कमरा नं. 101, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15976/NW/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान पुत्रः सिराजुद्दीन पताः डी–103, गली नं.1, नूर–ए–इलाही, घोंडा, दिल्ली** ने **case FIR No. 592/2024 U/s 115(2)/126(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case FIR No. 592/2024 U/s 115(2)/126(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 09.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री किरणदीप कौर
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर–पूर्व, रूम नं. 05, दूसरी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15610/NE/2026 (Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परवीन कुमार पुत्रः पुरूशोत्तम दास पताः मकान नं. ए–231, डेरावल नगर, दिल्ली** ने **case FIR No. 89/2013 U/s 279/338 IPC, थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवीन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवीन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case FIR No. 89/2013 U/s 279/338 IPC, थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **परवीन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 09.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांक्षा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15179/RD/2026 (Court Matter)

कार शोरूम में लगी भीषण आग सात लोग घायल, 12 को बचाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के सैदुलाजाब इलाके में शुक्रवार को किया कार के एक शोरूम में भीषण आग लग गई, जिससे कई वाहन जलकर खाक हो गए। इस घटना में सात लोग घायल हो गए, जबकि करीब 12 से 15 लोगों को बचाया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उप जिलाधिकारी लक्ष्य सिंघल ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत के अंदर खोजबीन अभियान चलाया जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां कोई और व्यक्ति फंसा है या हताहत हुआ है। सिंघल ने कहा, ₹दोपहर करीब तीन बजकर 45 मिनट पर हमें सूचना मिली कि मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित किया के शोरूम में आग लग गई है। इसके तुरंत बाद अग्निशमन विभाग, पुलिस और अन्य एजेंसियों को मौके पर भेजा गया। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) और थाना प्रभारी (एसएचओ) भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस घटना में सात लोग घायल हुए, जिनमें से चार को मैक्स अस्पताल और तीन को मदन मोहन मालवीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिंघल ने बताया कि इमारत से करीब 12 से 15 लोगों को बचाया गया। ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को निकालने के लिए आसपास की इमारतों के सहारे सीढ़ियां लगाई गईं। स्थानीय निवासियों ने भी बचाव अभियान में मदद की। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी की मौत की खबर नहीं है। किसी के हताहत होने की आशंका को खारिज करने के लिए इमारत की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में अग्निशमन विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), एम्बुलेंस सेवाओं और केंद्रीय दुर्घटना एवं आघात सेवा (कैट्स) की टीमें शामिल थीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा को शाम करीब तीन बजकर 47 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद शुरुआत में दमकल की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग पर काबू पाने के लिए दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग की कई टीमें तैनात की गईं। शोरूम से काले धुएं का घना गुबार उठता दिखाई दिया, जो आसमान में काफी ऊंचाई तक फैल गया और दूर से भी नजर आ रहा था। आग पूरे परिसर में फैलने के कारण शोरूम के अंदर खड़ी कई कारें इसकी लपटों में घिर गईं। घटना के बाद शोरूम के पास भीड़ जमा हो गई और कई राहगीर आग की घटना को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड करने के लिए रुक गए। पास की सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने तमाशबीनों को वहां से हटाया और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुगम बनाई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

दुकान में लगी आग, 16 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

हरिभूमि, नई दिल्ली। उधर न्यू आजादपुर इलाके में भी शुक्रवार सुबह कपड़ों की लेस की एक दुकान में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने मौके पर दमकल की 16 गाड़ियां भेजीं। दमकल विभाग के अनुसार आग लगने की सूचना सुबह करीब 8:40 बजे मिली। पुलिस व दमकल विभाग की टीम गीता बाल भवन स्कूल के पास शांतिपुर मोहल्ले में पहुंची जहां एक दुकान में आग लगी थी। दोपहर 12 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। आग लगने के समय दुकान बंद थी और अंदर कोई मौजूद नहीं था।

2.65 लाख रुपये के जाली नोटों के साथ दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने पहाड़गंज इलाके में नकली भारतीय मुद्रा की आपूर्ति करने वाले एक कथित गिरोह का भंडाफोड़ कर बिहार के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 2.65 लाख रुपये से अधिक मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए हैं। आरोपियों के नाम मुजफ्फरपुर निवासी दिनेश कुमार झा (36) और सतीश कुमार (20) बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार दोनों को बृहस्पतिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने स्थित एक गेस्ट हाउस में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया। आरोपियों के पास से 2,65,100 रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद किए। जब्त की गई मुद्रा की जांच के लिए अपराध शाखा की टीम और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे नकली नोट बेचने के लिए दिल्ली आए थे और इसके लिए संभावित ग्राहकों की तलाश कर रहे थे। आरोपियों की योजना एक लाख रुपये के नकली नोटों को 25 से 30 हजार रुपये की असली मुद्रा के बदले बेचने की थी। हालांकि, गिरफ्तारी से पहले वे न तो किसी ग्राहक को तलाश पाए थे और न ही कोई सौदा तय कर सके थे। आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि एक व्यक्ति ने उन्हें ये नकली नोट मुहैया कराए थे। पुलिस अब उस आपूर्तिकर्ता की भूमिका की जांच कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपी झा इससे पहले भी 2023 में दर्ज नकली मुद्रा के एक मामले में शामिल रहा है।

अवैध पटाखे बेचने के आरोप में एक व्यक्ति पकड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में अपने घर से कथित तौर पर अवैध पटाखे बेचने के आरोप में 51 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से विभिन्न किस्म के 8.5 किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान धर्मेश के रूप में हुई है। उसे चार नवंबर को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम आरोपी के ठिकाने पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद परिसर की तलाशी ली गई, जिसमें विभिन्न किस्म के 8.5 किलोग्राम पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

एएसडीडी के कारण मतदाता सूची से हटे मतदाताओं को मिलेगा नाम दर्ज करने का एक और अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में एसआईआर प्रक्रिया के पहली सूची में जिन मतदाताओं के नाम अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट (एएसडीडी) के चलते कट गए थे, उनको चुनाव आयोग एक और मौका देगा। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार एसआई प्रक्रिया के तहत 30 जून 2026 से 17 अगस्त 2026 के दौरान गणना फॉर्म जमा करने के बाद एएसडीडी के रूप में चिह्नित होने के कारण ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके थे। ऐसे सभी मतदाताओं को अब अपने वर्तमान सामान्य निवास स्थान से संबंधित ईआरओ एईआरओ के पास अपना भरा हुआ गणना फॉर्म जमा करने का एक और मौका दिया जाएगा। सीईओ कार्यालय के अनुसार ऐसे सभी एएसडीडी मतदाताओं को वर्तमान में चल रहे एसआईआर के दौरान आंशिक रूप से भरे गए गणना फॉर्म नए सिरे से तैयार किए जाएंगे। मतदाता वेबसाइट व ईसीआईएनईटी ऐप के माध्यम से अपना गणना फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं, या भर सकते हैं। इसके लिए उन्हें वही एपिक नंबर दर्ज करना होगा जो नाम हटाए जाने से पहले उनके पास था। कार्यालय ने बताया कि बीएलओ विभिन्न राजनीतिक दलों के संबंधित बीएलए के साथ समन्वय करके, ऐसे मतदाताओं से संपर्क करने का हर संभव प्रयास करेंगे। इसके लिए वे घर-घर जाकर, पड़ोसियों, परिवार के सदस्यों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन से पूछताछ करते हुए जहां संभव हो, उपलब्ध संपर्क नंबरों का उपयोग करके संपर्क करेंगे। वे इन मतदाताओं को गणना फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया और उपलब्ध तरीकों के बारे में भी मार्गदर्शन देंगे। यदि किसी मतदाता ने अपना निवास स्थान नहीं बदला है, तो वे अपना भरा हुआ और हस्ताक्षरित गणना फॉर्म, अनुलग्नक-बी में दिए गए एक बयान के साथ, संबंधित ईआरओ, एईआरओ बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। यह फॉर्म वे स्वयं या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से जाकर मतलब भौतिक रूप से जमा कर सकते हैं।

आप प्रतिनिधि मंडल ने हादसे वाली बिल्डिंग का लिया जायजा, लगाए अवैध संरक्षण के आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी दिल्ली में गुरुवार को हुए बिल्डिंग हादसे वाली जगह का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई आप विधायक कुलदीप कुमार ने की, जबकि पूर्व मंत्री आसिम मोहम्मद खान और निगम पार्षद राफिया समेत अन्य नेता प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। विधायक कुलदीप ने आरोप लाए कि सरकार चावड़ी बाजार बिल्डिंग हादसे में 12 घंटे बाद भी बचाव व राहत का काम पूरा नहीं कर पाई है। कुलदीप ने आरोप लगाए कि भाजपा सरकार के संरक्षण के चलते ही दिल्ली में हर तरफ अवैध निर्माण बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार, एमसीडी और दिल्ली पुलिस की मिलीभगत के चलते ही ग्रैप लागू होने के बावजूद जगह जगह निर्माण कार्य जारी है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचएसवीपी गुरूग्राम	विभिन्न सेक्टर-31, 32ए, 32, 34, 38, 39, 40 और 49 में स्टाफ क्वार्टर्स की विशेष मरम्मत। स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत, सीमेंट प्लास्टर और अंदरूनी और बाहरी पेंट, पेंटिंग ग्लेज्ड टाइल्स, वॉल टाइल्स, मॉड्यूलर कप बोर्ड, फ्लश डोर शटर्स, पेंटिंग, एल व्हाइट वॉश, सी.पी. ब्रास सी.पी. ब्रास लॉग बॉडी बिब कॉक, वॉश बेसिन सहित सी.आई. ब्रेकेट्स, जल संग्रहण टैंक्स का प्रावधान व फिक्सिंग, लाइट/फैन/कॉल बेल प्वाइंट के लिए वायरिंग और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।	04.11.2026 11.11.2026	63,59,707/-	https://etenders.hry.nic.in	1244805697 xenhsvp6ggm@gmail.com
2	एचएसवीपी गुरूग्राम	पब्लिक हैल्थ यूटिलिटी की शिफ्टिंग अर्थात रॉ वाटर पाइप लाइन 900 मिमी आई/डी (निकट सीही गांव और सैक्टर-84 का आउटर) सहित गुरूग्राम में एसडब्ल्यूडी की अलाइनमेंट और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (03 वर्ष के रखरखाव और निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत)।	03.11.2026 10.11.2026	33,00,833/-	https://etenders.hry.nic.in	1244805697 xenhsvp6ggm@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद–13/2027/80/50861/I/88/7 दि. 06.11.26

जनस्वास्थ्य की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : रेखा गुप्ता

मंडोली एक्सटेंशन की डेयरी में करीब 100 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जनस्वास्थ्य की रक्षा और उपभोक्ताओं का विश्वास बनाए रखना दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दीपावली और अन्य त्योहारों पर खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर सरकार लगातार सख्त है। विभिन्न इलाकों में मिठाई की दुकानों और फैक्ट्रियों की जांच की जा रही है। इस दौरान जांच के लिए 40 नमूने लिए गए हैं। आठ प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किया गए हैं।

इसके अलावा, मंडोली एक्सटेंशन की डेयरी में करीब 100 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल अनियमितताओं पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें दिल्लीवासियों को पूरे वर्ष और विशेष रूप से त्योहारों के दौरान भरोसेमंद एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

जनस्वास्थ्य की रक्षा और उपभोक्ताओं का विश्वास बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान लोगों को शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार का खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में विभाग की टीमों ने उत्तर-पूर्वी, पूर्वी, शाहदरा, दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में मिठाई की दुकानों, डेयरियों और खाद्य पदार्थ बनाने वाली इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 40 नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए।

वहीं, मंडोली एक्सटेंशन स्थित एक डेयरी में करीब 100 किलोग्राम मानव उपभोग के अयोग्य खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश जारी किए हैं कि मिठाई की दुकानों, डेयरियों और खाद्य निर्माण इकाइयों की नियमित जांच की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में 12 प्रतिष्ठानों की जांच

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में भी विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत मिठाई की दुकानों और निर्माण इकाइयों सहित 12 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। यहां से लड्डू, बर्फी, कलाकंद, रसगुल्ला, खोया, छेना, पनीर, घी और स्किम्ड मिल्क पाउडर के 18 नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए। इसके अतिरिक्त, निहाल विहार स्थित एक मिठाई निर्माण इकाई के संबंध में मिली शिकायत पर भी कार्रवाई की गई। विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर इकाई का निरीक्षण किया और तीन नमूने जांच के लिए लिए। जांच में यह इकाई बिना एफएसएसएआई पंजीकरण के संचालित होती पाई गई।

किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि मिठाई की दुकानों, डेयरियों और खाद्य निर्माण इकाइयों की नियमित जांच की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्योहारों की खुशियां तभी सार्थक हैं, जब हर परिवार तक पहुंचने वाली खाद्य सामग्री शुद्ध, सुरक्षित और स्वास्थ्य के अनुकूल हो। खाद्य पदार्थों में मिलावट, दूषित सामग्री की बिक्री और स्वच्छता मानकों की अनदेखी सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है।

स्वच्छता मानकों में कमी पर कार्रवाई की तैयारी

निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई और स्वच्छता से जुड़े निर्धारित मानकों के प्रावधानों के अनुपालन की भी जांच की गई। जहां कमियां पाई गईं, वहां सुधारात्मक कार्रवाई के लिए कुल आठ प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किया गया। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि खाद्य नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट और निरीक्षण में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खोया, पनीर, घी और मिठाइयों के लिए नमूने

सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, विभाग की टीमों ने उत्तर-पूर्वी, पूर्वी और शाहदरा क्षेत्रों में की गई जांच के दौरान खोया, पनीर, घी, कलाकंद, लड्डू, गुलाब जामुन और ड्राई फ्रूट गिफ्ट पैक सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के 22 नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान मंडोली एक्सटेंशन की एक डेयरी में दुर्गंधयुक्त खोया, रसगुल्ले तथा मच्छरों और मक्खियों से दूषित दूध पाया गया। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए करीब 100 किलोग्राम ऐसी खाद्य सामग्री नष्ट की, जो खाने योग्य नहीं थी।

'दिव्यांगजनों की देखभाल के लिए कार्य कर रही है सरकार'

खुशियां बांटने पहुंचे केंद्रीय मंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिव्यांगजनों की देखभाल, स्वास्थ्य और बेहतर जीवन सुविधाओं को लेकर गंभीरता से काम कर रही है। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से रोहिणी स्थित आशा किरण होम में दिवाली मेला कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने बतौर मुख्य अतिथि यह संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इंद्राज, क्षेत्रीय विधायक कुलवंत राणा, भाजपा नेता विनोद सहरावत, अधिकारियों, कर्मियों आदि के साथ दिव्यांगजनों के बीच दीपावली की खुशियां साझा कीं।

बता दें कि कार्यक्रम का शुभारंभ हर्ष मल्होत्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने रिबन काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आशा किरण परिसर में नवनिर्मित ओपन जिम का भी उद्घाटन किया गया। केंद्रीय मंत्री ने यहां मेले में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आशा किरण होम के निवासियों द्वारा अपने हाथों से तैयार किए गए उत्पादों की खरीदारी भी की। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि दिल्ली के सभी 17 सरकारी होम का कायाकल्प किया जा रहा है। मल्होत्रा ने कहा कि आशा किरण होम में करीब 700 दिव्यांगजन रहते हैं। पहले यहां बुनियादी सुविधाओं और आधारभूत ढांचे की स्थिति बेहतर नहीं थी, लेकिन अब स्वास्थ्य सुविधाओं, प्राथमिक चिकित्सा, स्वच्छ भोजन, फिजियोथेरेपी, व्यायाम और मनोरंजन के लिए व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं।

हर त्योहार दिव्यांगजनों के साथ मना रही सरकार: इंद्राज

समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने आशा किरण होम की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि पहले यहां रहने वाले दिव्यांगजनों को होली और दीपावली जैसे त्योहारों के आयोजन का भी विशेष अनुभव नहीं मिल पाता था, लेकिन अब सरकार उनके साथ हर त्योहार मनाने का प्रयास कर रही है।

छठ पर्व : हाथी घाट पर तैयारियां जोरों पर, यमुना को किया जा रहा साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में छठ महापर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए छठ घाटों को अभी से ही तैयार किया जा रहा है। आईटीओ स्थित यमुना के हाथी घाट की बात करें तो यहां भारी संख्या में यमुनापार के श्रद्धालु छठ पूजा करने के लिए आते हैं। इसके मद्देनजर इस घाट को दिल्ली सरकार के द्वारा विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। शुक्रवार को आईटीओ घाट पर यमुना को विशेष तौर पर साफ किया जा रहा है।

नदी से गाद व अपशिष्ट हटाने के लिए आधुनिक अम्फीबियस ड्रेजर मशीनें लगाई गई हैं। जो लगातार यमुना के जल को साफ करने में जुटी हैं। वहीं इससे पहले इस घाट पर जेसीबी मशीन से किनारों पर की गंदगी साफ की गई। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने छठ महापर्व की तैयारियों को समय से पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। छठ घाट पर तैयारियों की बात करें तो आईटीओ घाट व्रतियों की सुविधा और गरिमा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर पर्याप्त संख्या में शौचालय और कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं घाट पर टेंट लगाया जाएगा।

करोलबाग में भीषण आग: सांसदों ने घटनास्थल का लिया जायजा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के करोलबाग स्थित डब्ल्यूईए इलाके में शुक्रवार सुबह व्यावसायिक इमारत में लगी भीषण आग की सूचना मिलते ही कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल और सांसद योगेंद्र चांदोलिया तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों सांसदों ने करीब ढाई घंटे तक मौके पर रहकर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया और दमकल विभाग के अधिकारियों से लगातार स्थिति की जानकारी ली। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा की। उन्होंने अधिकारियों के हवाले से बताया कि दमकल विभाग की तत्परता से आग को दो इमारतों तक सीमित रखने में सफलता मिली। आग पर काबू पाने के लिए दिल्ली अग्निशमन सेवा की 27 दमकल गाड़ियां और करीब 150 अग्निशमन कर्मी लगातार जुटे रहे। संबंधित परिसर में क्रॉकरी और मोबाइल एक्सेसरीज सहित अन्य सामान की दुकानें हैं। सांसद खंडेलवाल ने बताया कि राहत की बात यह है कि आग की इस घटना में अभी तक किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, आग से दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कितना नुकसान हुआ है, इसका वास्तविक आकलन फिलहाल संभव नहीं है। आग पर काबू पाने के बाद भी परिसर में धुआं पूरी तरह खत्म होने और स्थिति सामान्य होने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही नुकसान का सही आकलन हो सकेगा। आग लगने के कारणों की भी जांच की जाएगी।

दिवाली के दिन आखिरी मेट्रो ट्रेन मिलेगी रात 10 बजे

नई दिल्ली। दिवाली के दिन दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के मेट्रो रेल परिचालन के समय में मामूली परिवर्तन किया है। इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि दिवाली के अवसर पर रविवार को सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से आखिरी मेट्रो ट्रेन सेवा रात 10 बजे मिलेगी जबकि आम दिनों में इसका समय रात 11 बजे होता है। उन्होंने विस्तार से बताया कि दिवाली के अवसर पर यानी 8 नवंबर 2026 रविवार को, पिंक लाइन (मजलिस पार्क - मजलिस पार्क/शिव विहार), मैजेंटा लाइन (बोटेनिकल गार्डन - कृष्णा पार्क एक्सटेंशन और मजलिस पार्क - दीपाली चौक) और ग्रे लाइन (द्वारका काकरोला - ढांसा बस स्टैंड) पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं, जो आमतौर पर रविवार को सुबह 7 बजे शुरू होती हैं उनमें भी बदलाव किया गया है। इस बदलाव के तहत इन लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से एक घंटे पहले यानी सुबह 6 बजे शुरू हो जाएंगी। इसके अलावा, शाम को दीवाली के जश्न को देखते हुए, सभी मेट्रो लाइनों जिसमें एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन भी शामिल है के टर्मिनल स्टेशनों से आखिरी मेट्रो ट्रेन सेवा रात 11 बजे के बजाय रात 10 बजे चलेगी। दयाल ने मेट्रो यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी यात्रा की योजना उपरोक्त समयानुसार बनाएं।

यौन उत्पीड़न के आरोप में प्रोफेसर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए : लता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज की एक छात्रा द्वारा एक प्रोफेसर पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष लता गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए एक पत्र लिखकर कॉलेज की प्रधानाचार्य को छात्रा की शिकायत पर दोषी प्रोफेसर के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए और पूरी कार्रवाई का विवरण आयोग को भेजना का निर्देश दिया। गौरतलब है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष लता गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज की एक छात्रा द्वारा 27 अक्टूबर 2026 को एक प्रोफेसर के विरुद्ध उत्पीड़न एवं यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप से संबंधित खबरों का स्वतः संज्ञान लिया। आयोग को प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस संबंध में महाविद्यालय की आंतरिक समिति के समक्ष शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए लता गुप्ता ने दौलत राम कॉलेज की प्रधानाचार्य को पत्र लिखा है। इस पत्र में अध्यक्ष लता गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय से अपेक्षा की गई है कि छात्रा की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी के विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई की जाए तथा की गई कार्रवाई का विवरण आयोग के साथ साझा किया जाए।

एमसीडी ने पांचवें दिन भी चलाया सफाई अभियान

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन सफाई अभियान के पांचवें दिन निगम का विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों आदि के आसपास के क्षेत्रों पर जोर रहा। एमसीडी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार ऐसे प्रमुख संस्थागत क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सफाई कर्मचारियों, मशीनरी एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों एवं अन्य प्रमुख संस्थागत क्षेत्रों में विशेष सफाई गतिविधियां संचालित की गईं। इस दौरान संस्थानों के संपर्क मार्गों, फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट तथा आसपास के क्षेत्रों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

एनडीएमसी का मासिक सुविधा शिविर आज

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) आज सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में अपना मासिक सुविधा शिविर आयोजित करेगी। इस सुविधा शिविर का उद्देश्य नागरिकों के लिए नागरिक सेवाओं को सुलभ बनाना और उनकी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही सुविधाजनक समाधान प्रदान करना है। इस शिविर में परिषद क्षेत्र के निवासी, सेवा उपभोक्ता, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन , मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन तथा एनडीएमसी के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी इस शिविर में भाग लेकर उपलब्ध सेवाओं का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं।



प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी : सिरसा

दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-3 लागू, गंभीरता से पालन करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण की चुनौती के बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण (ग्रेप-3) के तहत प्रतिबंधात्मक उपाय लागू कर दिए हैं।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को एक्स पर जानकारी साझा की। उन्होंने लोगों से प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करने की अपील की है। पर्यावरण मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सीएक्यूएम ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-3 के उपाय लागू कर दिए हैं। प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि संबंधित नियमों और उपायों का पालन करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सिरसा ने बताया कि ग्रेप -3 के तहत गैर-जरूरी निर्माण और तोड़फोड़ के काम पर पूरी तरह रोक रहेगी। मिट्टी का काम, पाइलिंग, खुदाई और खुले में आरएसमसी प्लांट का संचालन भी प्रतिबंधित होगा।

दिल्ली और आसपास के एनसीआर जिलों में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों के संचालन पर भी रोक रहेगी। निर्माण सामग्री, जैसे रेत और सीमेंट, के परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा क्लीन फ्यूल का इस्तेमाल नहीं करने वाले स्टोन क्रशर, माइनिंग और हॉट-मिक्स प्लांट बंद रहेंगे। आपातकालीन और जरूरी सेवाओं को छोड़कर डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर भी रोक होगी। दिल्ली में आने वाली या दिल्ली में चलने वाली इंटर-स्टेट डीजल बसों पर भी प्रतिबंध रहेगा। निजी कंपनियों को वर्क-फ्रॉम-होम या हाइब्रिड मॉडल अपनाने की सलाह दी गई है। पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों में पढ़ाई ऑनलाइन करने का निर्देश भी पाबंदियों में शामिल है।

खबर संक्षेप

हरियाणा लायंस बनी सैल्यूट तिरंगा क्रिकेट लीग की चैंपियन

फरीदाबाद। गुरुग्राम के नवीन झा के स्वामित्व वाली हरियाणा लायंस ने पहली सैल्यूट तिरंगा क्रिकेट लीग के खिताब पर कब्जा जमाया है। टीम ने लगातार पांच मुकाबले जीतकर सात अन्य टीमों को पीछे छोड़ा। फाइनल में हरियाणा लायंस ने यूपी धुरंधर को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले टीम ने सेमीफाइनल में दिल्ली लीडर्स को शिकस्त दी थी।



फोन हैक कर 20000 रुपये की ठगी, एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। फोन पर लिंक भेजकर, फोन को हैक कर 20000 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने ठगी के पैसो को यूएसडीटी में कनवर्ट करने वाले आरोपी को कोट कासिम राजस्थान से 5 नवंबर को गिरफ्तार किया है अजय कुमार निवासी बसंत कुंज नई दिल्ली के रुप में हुई है।



आपात स्थिति से निपटने के लिए 5 थानों में फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस रहेंगी तैनात

दीपावली और गोवर्धन पूजा पर पुलिस का कड़ा पहरा, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

भीड़भाड़ वाले बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात, सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी करेंगे निगरानी, पुलिस रिजर्व बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखाओं की टीमें भी बाजारों में विशेष निगरानी रखेंगी

सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे

दीपावली एवं गोवर्धन पूजा के त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए फरीदाबाद पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। त्योहारों के दौरान बाजारों में उमडऩे वाली भीड़ और खरीदारी के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहेगा।

शहर के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जाएगी। इस संबंध में सभी थाना प्रबंधकों एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने, लगातार गश्त करने और स्वयं सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।



संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच होगी

पुलिस के अनुसार त्योहारों के दौरान महिलाओं एवं बुजुर्गों को निशाना बनाकर होने वाली चेन स्नैचिंग, जेबतराशी और वाहन चोरी जैसी वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की विशेष टीमें सक्रिय रहेंगी। बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वर्दी के साथ-साथ सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। शहर के प्रमुख स्थानों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की जाएगी। वहीं अपराध शाखाओं की टीमें भी बाजारों में विशेष निगरानी रखेंगी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दीपावली के महत्व एवं उससे जुड़ी जीवनोपयोगी शिक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया

जीवा पब्लिक स्कूल में दीपावली का उत्सव भक्ति संस्कृति और उल्लास के संग मनाया गया

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सैक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र उपस्थित रहे, कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं, नैतिक मूल्यों और दीपावली के वास्तविक महत्व से परिचित कराना था। जीवा पब्लिक स्कूल की यह विशेषता है कि यहां प्रत्येक त्योहार धूमधाम और पारंपरिक रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक हेड मुक्ता सचदेव एवं प्रधानाचार्या डॉ. नरजीत कौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके पश्चात सभी ने दीपावली पूजन में भाग लेकर सुख, समृद्धि, शांति एवं सकारात्मकता की मंगलकामना की।



तदुपरांत छात्रों द्वारा रामचरितमानस की चौपाइयों का भावपूर्ण एवं सस्वर पाठ किया गया, जिसने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दीपावली के महत्व एवं उससे जुड़ी जीवनोपयोगी शिक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

उत्सव में उमंग, उत्साह और सांस्कृतिक रंग भर दिए

एक सुंदर लघु नाटिका के माध्यम से सत्यए धर्म और मर्यादा के आदर्शों को जीवंत किया गया एवं पटाखे न चलाने का संदेश दिया गया। वहीं, विद्यार्थियों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने उत्सव में उमंग, उत्साह और सांस्कृतिक रंग भर दिए। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर के अज्ञानए नकारात्मकता और अहंकार को दूर कर ज्ञान सद्भावना एवं मानवता का प्रकाश फैलाने का अवसर भी है।

उद्देश्य निर्धारित स्थानों पर ही ग्रीन क्रैकर्स की बिक्री सुनिश्चित करना

फरीदाबाद जिले में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए निर्धारित स्थानों की अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट आयुष सिन्हा ने जिला फरीदाबाद में केवल ग्रीन क्रैकर्स (हरित पटाखों) की बिक्री के लिए निर्धारित स्थानों की सूची जारी की है। प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था आज 6 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसका उद्देश्य निर्धारित स्थानों पर ही ग्रीन क्रैकर्स की बिक्री सुनिश्चित करना तथा वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखते हुए नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा बनाए रखना है।

जिला प्रशासन के अनुसार विभिन्न जोनों में निम्न स्थानों पर ही ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि नगर निगम फरीदाबाद क्षेत्र में दशहरा ग्राउंड एनआईटी, सूरजकुंड मेला पार्किंग ग्राउंड, बल्लभगढ़ स्थित अंबेडकर चौक के नजदीक दशहरा ग्राउंड, सेक्टर-31 स्थित दशहरा ग्राउंड ऐतमादपुर, आईओसीएल के सामने सेक्टर-12 ग्राउंड तथा खेड़ी रोड स्थित फातू सिंह फार्म को बिक्री के लिए निर्धारित किया गया है। वहीं, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बल्लभगढ़ के अंतर्गत बीडीपीओ कार्यालय बल्लभगढ़, बल्लभगढ़ में मस्जिद के नजदीक कैल गांव खंडावली रोड तथा छांयसा स्थित बीडीपीओ रेस्ट हाउस को ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए निर्धारित किया गया है। इन निर्धारित स्थानों पर ही ग्रीन पटाखों की बिक्री की जा सकेगी।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल निर्धारित स्थानों पर ही पटाखों की खरीद-बिक्री करें और ग्रीन पटाखों के उपयोग को प्राथमिकता दें, जिससे पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सके। साथ ही अवैध रूप से पटाखों की बिक्री या गैर-ग्रीन पटाखों के उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा है कि सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाना हर नागरिक का कर्तव्य है।

रघुनाथ शर्मा को श्रद्धांजलि दी



फरीदाबाद। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के पूर्व राज्य प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने जिला फरीदाबाद-पलवल के लंबे समय तक जिला प्रधान रहे स्वर्गीय रघुनाथ शर्मा के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। यूनियन के राज्य स्तर के पूर्व नेता आज उनके पैतृक गांव पेलक पलवल में श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे। उनको श्रद्धांजलि देने में पूर्व राज्य जनरल सेक्रेटरी कंवर लाल यादव, पूर्व जिला प्रधान रविंद्र शर्मा, गुडगांव, यूनियन के राज्य के मुख्य संगठन सचिव योगेश कुमार शर्मा, पूर्व वरिष्ठ प्रधान दरियाव सिंह और पूर्व राज्य उप प्रधान हिम्मत खान नूंह आदि शामिल हैं।

जरूरतमंद परिवार खुशियों से वंचित न रहे

स्वदेशी खरीदें, स्थानीय दुकानदारों और जरूरतमंद परिवारों के घर भी खुशियों के दीप जलाएं : सर्वप्रिय त्यागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भाजपा के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के अवसर पर गुरुग्राम सहित प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोगों से इस दीपावली स्वदेशी उत्पाद अपनाने और स्थानीय व्यापारियों, कुम्हारों तथा छोटे दुकानदारों से खरीदारी करने की अपील की।



सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि दीपावली केवल घरों को रोशन करने का त्योहार नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के जीवन में खुशियां बांटने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए नागरिक स्थानीय बाजारों और छोटे दुकानदारों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि मिट्टी के दीये, कंदील, खिलौने और सजावटी सामान बनाने वाले कारीगर पूरे साल त्योहार का इंतजार करते हैं।

हमारी छोटी-सी खरीदारी भी उनके परिवारों के लिए बड़ी खुशियों का कारण बन सकती है। लोगों को प्लास्टिक की सजावटी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी, हस्तनिर्मित और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति संरक्षण और सामूहिक कल्याण का संदेश देती है, जबकि भैया दूज भाई-बहन के प्रेम और पारिवारिक रिश्तों की मिठास का प्रतीक है। त्योहारों की सच्ची खुशी तभी है, जब समाज का कोई जरूरतमंद परिवार खुशियों से वंचित न रहे।

आइस मेक रेफ्रिजरेशन का राजस्व 41% बढ़ा, दूसरी तिमाही में मुनाफे में लौटी कंपनी

गुरुग्राम। आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40.6 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का समेकित परिचालन राजस्व बढ़कर 207.38 करोड़ रुपए पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 147.49 करोड़ रुपए था। पहली तिमाही में घाटा दर्ज करने के बाद कंपनी दूसरी तिमाही में 2.71 करोड़ रुपए के कर-पश्चात मुनाफे में लौट आई। वित्त वर्ष की पहली छमाही में भी कंपनी ने मजबूत प्रदर्शन किया। इस दौरान समेकित राजस्व 49.1 प्रतिशत बढ़कर 386.26 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 258.99 करोड़ रुपए था। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक चंद्रकांत पी. पटेल ने कहा कि राजस्व में वृद्धि और मुनाफे में वापसी कारोबार की निरंतर प्रगति को दर्शाती है। कंपनी का फोकस परिचालन दक्षता, लागत प्रबंधन और उत्पादन क्षमता के बेहतर उपयोग पर है। सीईओ एम. श्रीनिवास रेड्डी के अनुसार, रेफ्रिजरेशन उत्पादों और कंटीन्यूअस पैनल्स जैसे नए व्यावसायिक क्षेत्रों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। कंपनी अब उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार, बाजार में पहुंच बढ़ाने और लाभप्रदता मजबूत करने पर ध्यान दे रही है।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
04412	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:50	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं.	06:00	तिथिवार	शनिवार	07.11.2026 को
04411	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं.	06:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	16:00		शनिवार, रविवार	07 एवं 08.11.2026 को
04414	गाजियाबाद	20:05	अलीगढ़ जं.	22:30	तिथिवार	शनिवार	07.11.2026 को
04413	अलीगढ़ जं.	23:30	गाजियाबाद	02:00		शनिवार, रविवार	07 एवं 08.11.2026 को
04022	नई दिल्ली वाया लखनऊ (एनआर)	14:30	गोरखपुर	04:10	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026 को
04021	गोरखपुर	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	07 एवं 14.11.2026 को
04058	आनंद विहार टर्मिनल	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार मंगलवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा	22:10	आनंद विहार टर्मिनल	17:20			
05087	मऊ	22:30	आनंद विहार टर्मिनल	17:00	तिथिवार	मंगलवार	10.11.2026 को
05088	आनंद विहार टर्मिनल	19:15	मऊ	14:00		बुधवार	11.11.2026 को
01903	आगरा कैंट	20:00	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	12:20	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
01904	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	16:05	आगरा कैंट	08:40		सोमवार	30.11.2026 तक
02563	बरौनी जं.	07:40	नई दिल्ली	05:10	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10			01.12.2026 तक
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00			01.12.2026 तक
05579	पूर्णिया कोर्ट	16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
05575	सहरसा जं.	20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
02397	शेखपुरा जं.	11:30	आनंद विहार टर्मिनल	11:40	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
02398	आनंद विहार टर्मिनल	13:30	शेखपुरा जं.	14:45		सोमवार	30.11.2026 तक
03639	धनबाद जं.	18:30	शकूर बस्ती	18:40	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
03640	शकूर बस्ती	21:10	धनबाद जं.	23:45		मंगलवार, शनिवार	01.12.2026 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.	13:30	आनंद विहार टर्मिनल	10:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
05220	आनंद विहार टर्मिनल	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45		शनिवार	28.11.2026 तक
05193	छपरा जं.	14:00	पठानकोट	22:15	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
05194	पठानकोट	00:30	छपरा जं.	09:15		बुधवार	25.11.2026 तक
02417	प्रयागराज जं.	21:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में चार दिन	रवि, सोम, गुरु, शुक्र	14.12.2026 तक
02418	शकूर बस्ती	21:30	प्रयागराज जं.	09:15		बुध, गुरु, शनि, रवि	17.12.2026 तक
04163	नारायणपुर बाजार	18:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, बुध, शनि	16.12.2026 तक
04164	शकूर बस्ती	21:30	नारायणपुर बाजार	12:25		सोम, मंगल, शुक्र	15.12.2026 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार टर्मिनल	00:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
03258	आनंद विहार टर्मिनल	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	30.11.2026 तक
05301	मऊ जं.	04:40	अंबाला कैंट जं.	03:55	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
05302	अंबाला कैंट जं.	05:45	मऊ जं.	04:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
05085	छपरा जं.	13:05	आनंद विहार टर्मिनल	09:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05086	आनंद विहार टर्मिनल	10:50	छपरा जं.	07:00		बुधवार	25.11.2026 तक
03435	मालदा टाउन	09:30	आनंद विहार टर्मिनल	13:40	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
03436	आनंद विहार टर्मिनल	14:50	मालदा टाउन	22:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
02877	रांची जं.	16:25	आनंद विहार टर्मिनल	18:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
02878	आनंद विहार टर्मिनल	19:30	रांची जं.	19:10		रविवार	29.11.2026 तक
04123	प्रयागराज जं.	14:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	सप्ताह में दो दिन	बुधवार, रविवार	29.11.2026 तक
04124	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		गुरुवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05101	गोरखपुर जं.	16:00	शकूर बस्ती	11:05	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
05102	शकूर बस्ती	13:15	गोरखपुर जं.	08:30		सोमवार	30.11.2026 तक
03107	कोलकाता	23:50	आलमनगर	19:45	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
03108	आलमनगर	01:45	कोलकाता	22:30		शनिवार	28.11.2026 तक
04183	प्रयागराज जं.	15:25	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	साप्ताहिक	मंगलवार	01.12.2026 तक
04184	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		बुधवार	02.12.2026 तक
03437	मालदा टाउन	10:00	हरिद्वार जं.	17:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
03438	हरिद्वार जं.	18:35	मालदा टाउन	23:55		रविवार	29.11.2026 तक
01705	जबलपुर जं.	19:40	अयोध्या धाम जं.	11:25	साप्ताहिक	मंगलवार	29.12.2026 तक
01706	अयोध्या धाम जं.	13:30	जबलपुर जं.	06:45		बुधवार	30.12.2026 तक
09309	इंदौर जं.	17:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	27.11.2026 तक
09310	हज़रत निज़ामुद्दीन	08:20	इंदौर जं.	21:00		शनिवार, सोमवार	28.11.2026 तक
09257	भावनगर टर्मिनस	14:20	शकूर बस्ती	10:55	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
09258	शकूर बस्ती	13:15	भावनगर टर्मिनस	08:50		शनिवार	28.11.2026 तक
09203	वेरावल जं.	16:05	हरिद्वार जं.	20:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09204	हरिद्वार जं.	21:30	वेरावल जं.	09:45		बुधवार	25.11.2026 तक
09523	ओखा	10:20	शकूर बस्ती	10:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09524	शकूर बस्ती	13:15	ओखा	13:00		बुधवार	25.11.2026 तक
09425	साबरमती बीजी	18:45	हरिद्वार जं.	20:30	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
09426	हरिद्वार जं.	21:45	साबरमती बीजी	22:30		मंगलवार	24.11.2026 तक
04811	बाड़मेर	04:15	हरिद्वार जं.	04:10	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, गुरुवार	30.11.2026 तक
04812	हरिद्वार जं.	05:15	बाड़मेर	06:35		मंगलवार, शुक्रवार	01.12.2026 तक
09611	अजमेर जं.	19:45	योग नगरी ऋषिकेश	12:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09612	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	अजमेर जं.	09:55		गुरुवार	26.11.2026 तक
09639	मदार जं.	04:30	रोहतक जं.	12:50	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
09640	रोहतक जं.	13:20	मदार जं.	22:35			30.11.2026 तक
09609	उदयपुर सिटी	13:45	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09610	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	उदयपुर सिटी	15:30		बुधवार	25.11.2026 तक
01703	जबलपुर जं.	15:30	हरिद्वार जं.	14:20	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
01704	हरिद्वार जं.	15:10	जबलपुर जं.	16:20		शुक्रवार	20.11.2026 तक
01707	जबलपुर जं.	20:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:25	साप्ताहिक	शनिवार	14.11.2026 तक
01708	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	जबलपुर जं.	09:30		रविवार	15.11.2026 तक
09093	उधना जं.	07:25	अयोध्या कैंट	10:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	13.11.2026 तक
09094	अयोध्या कैंट	14:45	उधना जं.	17:15		शनिवार	14.11.2026 तक
09097	उधना जं.	06:45	अयोध्या कैंट	11:30	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09098	अयोध्या कैंट	13:30	उधना जं.	17:30		बुधवार	25.11.2026 तक
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में चार दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02455	कानपुर सेंट्रल	15:00	नई दिल्ली	20:20		सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02458	आनंद विहार टर्मिनल	07:20	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
02457	कानपुर सेंट्रल	15:00	आनंद विहार टर्मिनल	20:10		मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
05005	बढ़नी	15:10	जालंधर सिटी जं.	08:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05006	जालंधर सिटी जं.	10:50	बढ़नी	04:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
01483	खडकी	17:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:10	सप्ताह में दो दिन	मंगलवार, शुक्रवार	20.11.2026 तक
01484	हज़रत निज़ामुद्दीन	22:10	खडकी	22:15		बुधवार, शनिवार	21.11.2026 तक
07621	हज़ूर साहिब नांदेड़	08:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
07622	हज़रत निज़ामुद्दीन	21:40	हज़ूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.11.2026 तक
07021	चर्लपल्ली	19:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
07022	हज़रत निज़ामुद्दीन	04:00	चर्लपल्ली	13:50		बुधवार	02.12.2026 तक
07023	चर्लपल्ली	19:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
07024	हज़रत निज़ामुद्दीन	07:15	चर्लपल्ली	17:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
09617	उदयपुर सिटी	21:15	दिल्ली सराय रोहिल्ला	11:15	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09618	दिल्ली सराय रोहिल्ला	13:45	उदयपुर सिटी	04:00		गुरुवार	26.11.2026 तक
01045	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	07:35	अयोध्या कैंट	10:15	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	27.11.2026 तक
01046	अयोध्या कैंट	13:50	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	17:15		मंगलवार, शनिवार	28.11.2026 तक
01913	खजुराहो	22:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:00	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शनि	18.11.2026 तक
01914	हज़रत निज़ामुद्दीन	12:30	खजुराहो	03:30		मंगल, गुरु, रवि	19.11.2026 तक
06073	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	14:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:50	साप्ताहिक	सोमवार	16.11.2026 तक
06074	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:45	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	16:30		गुरुवार	19.11.2026 तक
04209	वाराणसी जं. वाया लखनऊ (एनआर)	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट वाया लखनऊ (एनआर)	18:20	आनंद विहार ट.	06:10	सप्ताह में दो दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार ट.	09:00	अयोध्या कैंट	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. वाया लखनऊ (एनआर)	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में दो दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

खबर संक्षेप

रांची में आदिवासी नेता निशा भगत ने दी जान

रांची। रांची में आदिवासी नेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता निशा भगत ने शुक्रवार को फांसी लगाकर



आत्महत्या कर ली। ऐसा करने से पहले वह फेसबुक लाइव पर आईं और रोते हुए झारखंड सरकार, पुलिस और जमीन दलालों पर कई आरोप लगाए और इसके बाद पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। लाइव वीडियो में उन्होंने कई लोगों पर आरोप लगाए, साथ ही जमीन दलालों का जिक्र भी किया।

वाराणसी में घुसने से अनंत सिंह को पुलिस ने रोका

पटना। मोकामा के विधायक अनंत सिंह को यूपी पुलिस ने वाराणसी शहर में जाने से रोक दिया, जिसके



बाद पुलिस के समझाने पर वह काशी के बाहर से ही प्रयागराज रवाना हो गए हैं। अनंत सिंह दोस्त पप्पू सलमान के बेटे की शादी की रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने जा रहे थे। वाराणसी में अनंत सिंह बीएचयू जाकर मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर फूल चढ़ाना चाहते थे, लेकिन कार्यक्रम को पुलिस परमिशन नहीं मिली थी।

सीतापुर में ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर, 6 की मौत

सीतापुर। धनतेरस पर जिले में बड़ी सड़क दुर्घटना से धनतेरस पर माहौल शोकाकुल है। यहां से



पिसावां के पिहानी मार्ग पर शुक्रवार शाम कोल्हाघाट पुल के पास ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। ट्रक की तेज टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से इस पर सवार छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए।

त्योहारों पर हर नागरिक को मिले त्वरित और बेहतर उपचार

दीपावली व छठ पूजा पर अलर्ट मोड में रहेंगे यूपी के मेडिकल कॉलेज, लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही

दीपावली-छठ पूजा के दौरान संभावित दुर्घटनाओं, आग लगने, सड़क हादसों और अन्य आपात परिस्थितियों को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी राजकीय एवं स्वशासी मेडिकल कॉलेजों तथा संबद्ध चिकित्सालयों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरत रही है। इसी क्रम में दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान संभावित दुर्घटनाओं, आग लगने की घटनाओं, सड़क हादसों और अन्य आपात परिस्थितियों को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी राजकीय एवं स्वशासी मेडिकल कॉलेजों तथा संबद्ध चिकित्सालयों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

- आपात स्थितियों से निपटने चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश
- डॉक्टरों की ड्यूटी से लेकर दवाओं और जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता तक की होगी निगरानी



24 घंटे सक्रिय रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं

सभी मेडिकल कॉलेजों एवं संबद्ध चिकित्सालयों में इमरजेंसी विभाग, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, बर्न यूनिट, एनेस्थीसिया, सर्जरी और ऑपरेशन थिएटर सहित सभी जीवनरक्षक चिकित्सा सेवाएं चौबीसों घंटे क्रियाशील रखी जाएंगी। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण और आवश्यकतानुसार प्राथमिक उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। मरीजों की गंभीरता के आधार पर उपचार की प्राथमिकता तय करने के साथ अतिरिक्त बेड और चिकित्सा संसाधनों की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

आकस्मिक परिस्थितियों में मरीजों को मिल सके उपचार

महानिदेशक नेहा शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं। सभी मेडिकल कॉलेजों को चिकित्सा सेवाओं, मानव संसाधन, दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और आपातकालीन व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में मरीजों को उपचार मिल सके।

सीएम योगी बोले- तीसरी बार सरकार बनने पर भी बांटेंगे नियुक्ति पत्र

योगी सरकार में पारदर्शी भर्ती से मिली खाकी वर्दी, नियुक्ति पत्र पाकर खिल गए चेहरे

यूपी पुलिस बल को 4543 नए एसआई मिले हैं, चयनित युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बताया, साथ ही किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी से इनकार किया...

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में सरकारी नौकरियों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बड़ा सियासी संदेश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि 9.50 लाख सरकारी भर्तियां पूरी करने के बाद 1 लाख और भर्तियां करने का वादा किया गया था। अब यह टारगेट भी पूरा होने जा रहा है, लेकिन नियुक्तियों का सिलसिला यहीं नहीं थमेगा। कुछ नियुक्ति पत्र रोककर रखे जाएंगे, जिन्हें तीसरी बार सरकार बनने पर बांटा जाएगा।



सीएम योगी ने 4,543 नए एसआई को बांटे नियुक्ति पत्र

गौरेतलब है कि मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को लखनऊ की रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस एसआई के पद पर चयनित 4,543 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान, सीएम योगी ने नवचयनित दरोगाओं से सीधे संवाद करते हुए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता पर सवाल पूछे। मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों से पूछा कि क्या किसी को नौकरी पाने के लिए सिफारिश करवानी पड़ी, क्या किसी लेवल पर लेन-देन हुआ या किसी ने रिश्वत देने की पेशकश की? ये भी पूछा कि क्या किसी ने धौंस दिखाकर नियुक्ति पत्र हासिल करने की कोशिश की?

पिछली सरकारों की भर्तियों के केस आज भी कोर्ट में पेंडिंग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसी कई नियुक्तियों से जुड़े केस आज भी कोर्ट में पेंडिंग हैं। उन्हें इस बात की चिंता होती है कि अगर कभी कोर्ट ने ऐसी भर्तियों में नियुक्त लोगों की सेवाएं खत्म करने का ऑर्डर दे दिया तो उन युवाओं का क्या होगा। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि जिन लोगों ने बेईमानी करके नौजवानों के फ्यूचर के साथ खिलवाड़ किया, उनकी संपत्ति जब्त करने का निर्णय हो तो उन्हें बेहद खुशी होगी। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी भर्ती का मतलब सैफई सिंडिकेट बन गया था। उत्तर प्रदेश के बाकी हिस्सों के युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में मौका नहीं मिल पाता था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं और उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों के युवाओं को एक समान मौके मिल रहे हैं। जान लें कि दीपावली से पहले योगी सरकार ने कर्मचारियों को 30 दिन का बोनस देने को भी मंजूरी दी है।

यूपी में अब बिना घूस के मिलती है नौकरी

सीएम योगी आगे बोले कि आज के उत्तर प्रदेश में ये संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में रिक्रूटमेंट प्रोसेस की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। अब युवाओं को बिना सिफारिश, बिना घूस और बिना भेदभाव के उनकी योग्यता के आधार पर जॉब मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी ने पिछली सरकारों के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि 2003 से 2017 के बीच भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुईं। कई ऐसे केस सामने आए, जिनमें अप्लाई किसी और ने किया और नियुक्ति पत्र किसी दूसरे व्यक्ति को दे दिया गया।

सुविधाओं तक का होगा पुख्ता इंतजाम

छठ पर्व को लेकर बिहार सरकार ने खोला 8.43 करोड़ का खजाना

एजेंसी ⏭ पटना

लोक आस्था के महापर्व छठ पर श्रद्धालुओं को घाटों पर किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए बिहार सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छठव्रतियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग ने 8.43 करोड़ रुपये का विशेष अनुदान स्वीकृत किया है।

इस राशि से राज्य के 18 नगर निगमों और 157 नगर पंचायतों के छठ घाटों पर बुनियादी सुविधाओं के साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। सरकार का जोर घाटों पर भीड़ प्रबंधन से लेकर रोशनी, स्वच्छता और महिलाओं की सुविधाओं तक व्यवस्था मजबूत करने पर है।



18 नगर निगमों को मिलेंगे 3.60 करोड़

आदेश के अनुसार, राज्य के 18 नगर निगमों के लिए कुल 3.60 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक नगर निगम को छठ घाटों की व्यवस्था के लिए 20 लाख रुपए दिए जाएंगे।इस राशि से घाटों की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की आवाजाही और सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। नगर निगमों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार सुविधाएं विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

157 नगर पंचायतों के लिए 4.83 करोड़ का अनुदान

नगर पंचायतों में छठ की तैयारियों के लिए 4.83 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। प्रत्येक नगर पंचायत को तीन लाख रुपये मिलेंगे। हालांकि, नगर पंचायत देव को विशेष रूप से 15 लाख रुपये देने का निर्णय लिया गया है। इस तरह शहरी निकायों के माध्यम से छोटे और बड़े शहरों के छठ घाटों पर सुविधाओं को बेहतर बनाने की योजना है।

'वोट हमारा, राज हमारा' नारे से कैडर एकजुट करेगी बसपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

प्रदेश में अब तक लगभग 100 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी बहुजन समाज पार्टी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रचार अभियान को गति देगी।



बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा दिए गए नारे "वोट हमारा, राज हमारा" के नारे के साथ पार्टी नेता व पदाधिकारी कैडर वोटों को एकजुट करने पर जोर देंगे। साथ ही प्रदेश में रैलियों की संख्या भी बढ़ेगी। विधानसभा चुनाव करीब आने के साथ ही अपना ने अपना चुनाव अभियान तेज कर दिया है। बसपा प्रमुख मायावती द्वारा विधानसभा चुनाव में तेजी से जुटने और बूथ स्तर तक मजबूती के निर्देश दिए गए हैं। अब पार्टी पदाधिकारी इसे जमीन स्तर पर लागू करने में जुटेंगे। पार्टी की चुनावी तैयारी की बैठक में यह संदेश भी दिया गया है कि राजनीतिक दलों पर बयानबाजी करने की जगह अपने वोटों को एकजुट करने पर ध्यान देगी।

महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे प्रमुख होंगे

इतना ही नहीं युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए रैली व अन्य आयोजनों में जेन जी के मुद्दे भी उठाए जाएंगे। इसमें बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार प्रमुख रूप से शामिल होगा। पार्टी नेताओं को इसी लाइन पर चलकर प्रचार अभियान में जुटने को कहा गया है। साथ ही कैडर मतदाताओं को एकजुट करने पर सर्वाधिक फोकस होकर काम करेगी।

प्रमुख पदाधिकारियों ने अंबेडकर स्थल का किया भ्रमण

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा व प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल आदि प्रमुख पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पार्टी मुखिया मायावती के निर्देश पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, गोमतीनगर पहुंचे। उन्होंने छह दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) पर आयोजित होने वाले श्रद्धा-सुमन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिवर्तन स्थल की टूट-फूट पर नाराजगी जताई और जल्द से जल्द इसे ठीक कराने की भी मांग की।

आकाश आनंद ने ताबड़तोड़ रैलियां शुरू कीं

बसपा ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ताबड़तोड़ रैलियां भी शुरू कर दी हैं। इस क्रम में राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की इस महीने कई रैली तय कर दी गई हैं। इसके तहत 14 नवंबर को बिजनौर, 15 को बीकापुर अयोध्या, 26 को पंजाब में, 29 नवंबर को बिल्हौर कानपुर देहात व छह दिसंबर को उत्तराखंड में रैली होगी।

150 इकाइयों को मिलेगा प्रशिक्षण

ग्रामीण महिलाओं के उद्यमों को संवारेंगे आईआईएम के विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर उद्यमी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण



आ जी वि का मिशन और आ ई आ ई ए म लखनऊ ने हाथ मिलाया है। शुक्रवार को आईआईएम लखनऊ के एंटरप्राइज इनक्यूबेशन सेंटर और यूपीएसआरएलएम के बीच ग्रामीण उद्यम इनक्यूबेशन कार्यक्रम के लिए समझौता हुआ। आईआईएम लखनऊ के निदेशक यामिनी भूषण पाण्डेय और मिशन निदेशक अरुण कुमार ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर शुरू इस कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 150 महिला उद्यमियों को 18 महीने तक विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, डिजिटल प्रशिक्षण, बाजार से जुड़ाव, तकनीकी जानकारी और औपचारिक ऋण प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। कार्यक्रम के तहत 18 उत्कृष्ट उद्यमों को चैलेंज फंड से अनुदान मिलेगा, जबकि 132 उद्यम सामुदायिक स्तरीय संघों के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋण पाने के पात्र होंगे। चयनित उद्यमों के राजस्व में कम से कम 15 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी मिलेगा बोनस

दीपावली पर राज्य कर्मचारियों को सीएम ने दिया 30 दिन का बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2025-26 के लिए 30 दिन का तदर्थ बोनस देने की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस फैसले का लाभ पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और सरकारी विभागों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को भी मिलेगा। शासनादेश के अनुसार, बोनस की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन 7,000 रुपये तय किया गया है। इसके आधार पर पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 6,908 रुपये बोनस मिलेगा। इसका लाभ उन्हीं कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्होंने 31 मार्च 2026 तक एक साल की लगातार सेवा पूरी कर ली है। वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 तक के अराजपत्रित कर्मचारी इसके दायरे में आएंगे।



तीन साल काम करने वालों को लाभ

योगी सरकार ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी बोनस देने का फैसला किया है। इसके लिए छह दिन के कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों में कर्मचारी का लगातार तीन साल तक काम करना और हर साल कम से कम 240 दिन कार्य करना जरूरी है। पांच दिन के कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों में हर साल कम से कम 206 दिन काम करने की शर्त है। ऐसे कर्मचारियों को अधिकतम 1,184 रुपए बोनस मिलेगा।

दोषी पाए गए कर्मचारियों को नहीं मिलेगा बोनस

शासनादेश के अनुसार, वर्ष 2025-26 में विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई या आपराधिक मुकदमे में दोषी पाए गए कर्मचारियों को बोनस नहीं मिलेगा। जिन कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई या आपराधिक मुकदमा लंबित है, उनका बोनस मामले का फैसला आने तक रोक दिया जाएगा। कर्मचारी के दोषमुक्त होने पर नियमानुसार बोनस का भुगतान किया जाएगा।

पेज एक का शेष

भीड़ प्रबंधन और यातायात ...

विशु राजा और उप जिला मजिस्ट्रेट पवन कुमार शर्मा संभालेंगे। वहीं, संपूर्ण यातायात व्यवस्था अपर जिलाधिकारी इंद्राकांत द्विवेदी के जिम्मे रहेगी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि दीपोत्सव में श्रद्धालुओं और विशिष्ट अतिथियों की सुविधा एवं सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है।

न तिजोरी, न बैंक...

है कि यहां सजावट के लिए धन मंदिर प्रबंधन नहीं जुटाता, बल्कि श्रद्धालु अपनी तिजोरियों का खजाना मां के चरणों में सौंपते हैं। इस बार करीब दो हजार भक्तों ने नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती वस्तुएं मंदिर में जमा कराई हैं। मंदिर के श्रृंगार में इस बार चांदी की कलाकृतियां भी विशेष आकर्षण हैं। गर्भगृह में ढाई-ढाई किलो वजन के पांच बड़े चांदी के हाथियों के साथ 52 छोटे हाथी सजाए गए हैं। इसके अलावा 45 चांदी के सिक्कों से तैयार विशेष साड़ी भी श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही है। मंदिर में मां महालक्ष्मी के साथ भगवान गणेश और माता सरस्वती विराजमान हैं। यहां मां के आठ स्वरूपों के दर्शन होते हैं। मंदिर की सजावट का काम शरद पूर्णिमा से शुरू हो जाता है। करीब 35 कलाकार कई दिनों की मेहनत से नोटों की लड़ियां, वंदनवार और आकर्षक सजावट तैयार करते हैं।

राहुल गांधी ने मोदी ...

सिंह के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने लाभार्थियों को भुगतान करने की मौजूदा आधार आधारित व्यवस्था को बदलने और उसकी जगह बायोमेट्रिक पहचान तथा मतदाता पहचान पत्र के एपिक नंबर का इस्तेमाल करने की बात कही थी।

ललन सिंह का ...

आधार कार्ड बनवाया जा सकता है। इसलिए लाभार्थियों की पहचान और भुगतान के लिए बायोमेट्रिक तथा मतदाता पहचान पत्र को आधार बनाया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह व्यवस्था पंचायती राज मंत्रालय की किन-किन योजनाओं पर लागू होगी और इसे लागू करने की समयसीमा क्या होगी। यही अस्पष्टता अब राजनीतिक विवाद का बड़ा कारण बन गई है। कांग्रेस का सवाल है कि यदि सरकारी योजनाओं का लाभ मतदाता पहचान पत्र से जोड़ दिया जाता है, तो मतदाता सूची से नाम कटने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के सरकारी लाभ भी प्रभावित हो सकते हैं।

एसआईआर के साथ जोड़कर राहुल गांधी ने उठाए गंभीर सवाल: राहुल गांधी ने अपने बयान में विशेष गहन पुनरीक्षण को इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के नाम पर करोड़ों लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। उनके मुताबिक, यदि इस प्रक्रिया को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हो सकते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटेंगे, यदि उन्हीं मतदाता सूचियों के आधार पर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान होने लगी तो ऐसे लोगों के सामने दोहरी मुश्किल खड़ी हो सकती है। उनका तर्क है कि मतदाता सूची से नाम हटने का असर केवल मतदान तक सीमित नहीं रहना चाहिए और न ही किसी व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा को उसके मतदाता पंजीकरण पर निर्भर किया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त की भाजपा के साथ मिलीभगत से वोट चोरी की जा रही है।

बच्ची के भजन ने ...

यादव आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 का गोल्ड मेडल पहनकर पहुंचे थे। प्रधानमंत्री ने उनके मेडल को हाथ में लेकर भारतीय टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की। गौरतलब है कि सूर्यकुमार ने 2024 में खिलाड़ी के रूप में टी20 विश्व कप जीता था, जबकि 2026 में उनकी कप्तानी में भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनी। वे 2022 और 2023 में आईसीसी टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी चुने गए थे।

देश भर में चावल ...

6 नवंबर के अपने पत्र के माध्यम से आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना की राज्य सरकारों को धान और चावल पर स्टॉक सीमा लागू करने की सहमति दे दी है। राज्य सरकारें आवश्यकतानुसार उचित नियंत्रण आदेशों के जरिए ये सीमाएं लागू कर सकती हैं। ये स्टॉक सीमाएं 31 जनवरी 2027 तक लागू रहेंगी। केंद्र और राज्य सरकारें इन उपायों के कार्यान्वयन पर कड़ी नजर रखेंगी, ताकि बाज़ार में चावल की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे और जमाखोरी तथा कालाबाज़ारी को रोका जा सके।

पूर्ण कार्यों के भुगतान में देरी बर्दाश्त नहीं

पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत 10 दिन में पूरी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण एवं सत्यापित कार्यों के भुगतान में अनावश्यक विलंब न किया जाए। आगामी पर्व-त्योहारों से पहले सभी पात्र देयकों का नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री ने जल निगम (ग्रामीण) की रेट्रोफिटिंग योजना और जल जीवन मिशन के लंबित भुगतानों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



भुगतान से पहले कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों और अभिलेखों की जांच अवश्य की जाए।

सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों से संबंधित लंबित बिलों की जांच कर पात्र देयकों का शीघ्र भुगतान किया जाए।

पेयजल संबंधी जनशिकायतों का संवेदनशीलता के साथ हो निपटान

स्वतंत्र देव सिंह ने पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्स्थापन की समीक्षा करते हुए शेष कार्य अगले 10 दिनों में अनिवार्य रूप से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क मरम्मत में लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं होगी। मंत्री ने पेयजल संबंधी जनशिकायतों का संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण के निर्देश भी दिए।

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने का फैसला निरस्त

रांची। जेएसएससी-सीजीएल के 1900 अभ्यर्थियों के लिए कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। झारखंड हाई कोर्ट ने सरकार उस फैसले को निरस्त कर दिया है, जिसमें जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को रद्द करने का आदेश दिया गया था। यह फैसला जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट ने सुनाया है। इससे 1900 अभ्यर्थियों ने राहत की सांस ली है।

इससे पहले कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थियों की ओर से दलील दी गई थी कि सरकार ने एक आदेश जारी कर जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द कर दी थी, जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।



उदित समेत 13 सिंगर्स ने मिलकर गाए 'सूर्या' के गीत

नई दिल्ली। रामायण पार्ट 1 की रिलीज के बाद सनी देओल एक और फिल्म सूर्या में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 दिनों बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसका फुल एल्बम जारी हो गया। आगामी फिल्म सूर्या के गानों में कुमार सानू से लेकर उदित नारायण अपनी आवाज देने वाले हैं। फिल्म में कुल सात गाने हैं, जिन्हें सिनेमा के दिग्गज गायक-गायिकाओं ने गाया है। सूर्या के साथ सबका अनुभव करो। फिल्म में कुल सात गाने हैं। सुनियो जरा - कुमार सानू, उदित नारायण, अनुपम अमोद। ढोला जी - श्रेया घोषाल, जावेद अली, स्वरूप खान।

लाइफ Style

सुहाना

दिवाली पार्टी में बिखेरा फैशन का जलवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड में सितारे दिवाली बड़े ही ग्लैमरस अंदाज में मनाते हैं। हाल ही में मनीष मल्होत्रा ने बॉलीवुड सितारों के लिए एक स्पेशल दिवाली पार्ट होस्ट की। इस पार्टी में जाने-माने सितारे शामिल हुए और फैशन का जलवा बिखेरा।

कृति सेनन, सुहाना खान, जाह्नवी कपूर और करीना कपूर ने तो अपने लुक से हर किसी को अपना दीवाना बना लिया। सोशल मीडिया पर इस पार्टी में शामिल हुए सितारों के लुक्स खूब वायरल हो रहे हैं। कृति सेनन भी मनीष मल्होत्रा की पार्टी में शामिल हुईं। एक्ट्रेस ने इस दौरान पेस्टल ब्लू कलर का कुर्ता और मैचिंग पैंट पहनी। एक्ट्रेस का ये अंदाज भी काफी स्टाइलिश और ग्लैमरस लग रहा है। सोशल मीडिया पर कृति सेनन के लुक की खूब तारीफ भी हो रही है। इसके साथ ही एक्ट्रेस की फोटोज भी खूब वायरल हो रही हैं। जाह्नवी कपूर ने इस पार्टी में ब्लैक और गोल्डन कलर की स्ट्राइप्स वाला लहंगा कैरी किया। इस लुक में जाह्नवी काफी खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, पैपराजी के सामने जाह्नवी ने अकेले ही पोज दिए। सोशल मीडिया पर जाह्नवी का ये ग्लैमरस अंदाज काफी चर्चाओं में बना हुआ है। हर कोई उनके लुक की तारीफ कर रहा है। शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान ने इस पार्टी की सारी लाइमलाइट छीन ली। ब्रोकेड लहंगा में बेहद खूबसूरत दिखाई दीं। सुहाना के इस लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। वहीं, सोशल मीडिया पर सुहाना के लुक की तारीफ हो रही है।



हॉलीवुड मसाला



किंग काइली बनीं प्रियंका

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा त्योहारी सीजन का भरपूर आनंद ले रही हैं। दिवाली की पार्टी का आयोजन करने के बाद अब वह अपने परिवार के साथ हैलोवीन मनाने में जुट गई हैं। हैलोवीन मनाने के लिए अभिनेत्री अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ बाहर निकलीं। इस मौके पर, प्रियंका ने काइली जेनर के मशहूर 'किंग काइली' लुक को अपनाया। उन्होंने लंबे गुलाबी बाल (विग), काली बीनी (टोपी), बड़े सनग्लासेस, काला क्रॉप टॉप और उसके साथ मैचिंग जैकेट व ट्राउजर पहना।



नील यंग ने किया ट्रंप पर 10 मिलियन डॉलर का मुकदमा

लॉस एंजिल्स। संगीतकार नील यंग ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक एक्शन कमिटी 'ट्रंप 47 कमिटी इंक' के खिलाफ 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कमिटी ने मिडटर्म चुनाव रैलियों में राष्ट्रपति के मंच पर आने के दौरान, बिना इजाजत के उनके गाने 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' का इस्तेमाल किया। 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' के अनधिकृत इस्तेमाल को लेकर ट्रंप के खिलाफ यह यंग की दूसरी कानूनी कार्रवाई है। यंग ने पहली बार 2020 में ट्रंप पर मुकदमा किया था, जिसे बाद में आपसी समझौते से सुलझा लिया गया था। गायक के इस नए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने उस समझौते की शर्तों का उल्लंघन करते हुए, फिर से इस गाने का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।



आज के सितारों में कॉन्फिडेंस की कमी

नई दिल्ली। फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान अपनी बेबाक बातों के लिए जानी जाती हैं। वो अपनी सोच को खुलकर लोगों के सामने रखती हैं। हाल ही में फराह ने आज के नए एक्टर्स के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल के कलाकार फिल्मों में कोरियोग्राफी से लेकर म्यूजिक और कास्टिंग तक हर चीज में दखल देते हैं। उनके मुताबिक, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आज के एक्टर्स को खुद पर भरोसा नहीं है और वे असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें अपने डायरेक्टर पर भी विश्वास नहीं होता। वे गानों की कोरियोग्राफी खुद करना चाहते हैं और म्यूजिक से लेकर कास्टिंग तक हर मामले में दखल देते हैं। फराह के मुताबिक, यह सब तब होता है जब किसी इंसान को खुद पर भरोसा नहीं होता।



'ईठा' की मुश्किलें बढ़ाएंगे सलमान

नई दिल्ली। बॉलीवुड में नवंबर के बाद दिसंबर के महीने में कई बड़ी फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इन बड़ी फिल्मों में शाह रुख खान की किंग से लेकर एंवेजर्सः डूम्सडे समेत श्रद्धा कपूर की ईठा का नाम भी शामिल है और अब लीजिए दिसंबर के महीने में ही बॉक्स ऑफिस पर आंधी तूफान मचाने आ रहे हैं सलमान खान, क्योंकि दबंग खान की मचअवेटेड फिल्म मातृभूमि की रिलीज का ऐलान हो चुका है। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अब इसमें ट्विस्ट ये है कि 4 दिसंबर को ही श्रद्धा कपूर की मचअवेटेड फिल्म 'ईठा' भी रिलीज होने जा रही है। मतलब ये है कि भाईजान अब श्रद्धा की फिल्म की मुश्किलें बढ़ाने वाले हैं। अभीतक 4 दिसंबर को श्रद्धा की फिल्म आ रही थी और वो भी किंग से पहले, लेकिन अब श्रद्धा की फिल्म से सलमान की फिल्म टकराने वाली है।

टीवी मसाला



प्रियंका को हराकर राइज एंड फॉल 2 के विनर बने शहजाद

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल 2 का ग्रैंड फिनाले हो गया है। शो के विजेता शहजाद पूनावाला बने हैं जिन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ लाखों की प्राइज मनी भी अपने नाम की है। इस बार विजेता बनने की रेस में कुल 6 फाइनलिस्ट थे, जिसमें शहजाद, प्रियंका चाहर चौधरी, गौतम गुलाटी, करण पटेल, स्वरा भास्कर और निहारिका तिवारी शामिल थे। टॉप 2 फाइनलिस्ट में पॉलिटिशियन शहजाद पूनावाला और प्रियंका चाहर चौधरी थे। हालांकि, शो की ट्रॉफी मास्टरमाइंड कहे जाने वाले शहजाद पूनावाला ने अपने नाम की है। शो के होस्ट वीरेन्द्र सहवाग ने विनर की अनाउंसमेंट की। उन्होंने शानदार ट्रॉफी के साथ-साथ 35 लाख रुपए की इनामी राशि भी जीती है। फर्स्ट रनर-अप प्रियंका बनीं। वहीं, शो के दूसरे रनर-अप गौतम गुलाटी रहे। शो जीतने के बाद शहजाद पूनावाला ने अपनी खुशी शेयर की है। उन्होंने कहा, राइज एंड फॉल सीजन 2 जीतना एक ऐसा अहसास है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह सफर आसान नहीं था, टावर की ऊंचाइयों से लेकर बेसमेंट की अनिश्चितताओं तक मुझे लगातार खुद को ढालना पड़ा और आगे बढ़ते रहना पड़ा, भले ही चीजें मेरे हक में न हों। शहजाद ने आगे कहा, 'कई बार मन में शक भी पैदा हुआ, लेकिन अंदर ही अंदर मुझे हमेशा यकीन था कि मैं जीत सकता हूं। आज ट्रॉफी के साथ यहां खड़ा होना, उसी यकीन के सच होने जैसा है। यह जीत इस बात का सबूत है कि दृढ़ संकल्प और हिम्मत से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।

अनिल और फराह ने मांगी गीता से माफी

नई दिल्ली। अनिल कपूर और फराह खान ने स्टंट प्रोफेशनल गीता टंडन से माफी मांगी है। गीता ने 'इंडिया के टॉप 1%' के सेट पर अपने साथ हुए कथित बुरे बर्ताव के बारे में बात की थी। गीता का दावा था कि उन्हें और उनके बेटे को बिना किसी सही जानकारी के लगभग नौ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इंस्टाग्राम पर उनके इस पोस्ट के बाद दोनों सेलिब्रिटीज ने जवाब दिया। अनिल कपूर ने खेद जताया, जबकि फराह खान ने स्पष्ट किया कि उन्हें पता ही नहीं था कि गीता टंडन सेट पर इंतजार कर रही थीं। इस रियलिटी शो को होस्ट करने वाले अनिल कपूर ने खुद गीता टंडन की पोस्ट पर जवाब दिया और उनकी निराशा को समझा। उन्होंने लिखा, 'गीता जी, यह सुनकर मुझे सच में बहुत दुख हुआ। शो के होस्ट के तौर पर, मैं हमेशा यही चाहता हूं कि शो से जुड़े हर व्यक्ति को अच्छा महसूस हो और उनका सम्मान किया जाए।



एक-दूसरे की आंखों में डूबे ऐश्वर्या-अभिषेक हाथ थामे दिवाली पार्टी में ली एंट्री

नई दिल्ली। एश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्ते को लेकर एक लंबे समय से सोशल मीडिया पर कई सवाल उठ रहे थे। कभी उनके रिश्ते में अनबन की खबरे आईं, तो वहीं कईयों ने तो उनके तलाक तक की अफवाह उड़ा दी। इन सभी रूमर्स पर अब ऐश्वर्या और अभिषेक ने ट्रोलर्स को ऐसा जवाब दिया है, जिससे उनकी बोलती बंद हो जाएगी। बीती रात मुंबई में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने बांद्रा स्थित घर पर दीवाली पार्टी रखी। जिसे अटेंड करने के लिए कई बड़े सितारे पहुंचें। हालांकि, इन सभी सितारों में जिस कपल ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा , वो थे ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक, जो हाथों में हाथ डाले एक साथ पहुंचे थे। मनीष मल्होत्रा की दीवाली पार्टी से ऐश्वर्या और अभिषेक की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में अभिषेक बच्चन रेड कारपेट पर ऐश्वर्या का हाथ थामे दिखाई दिए। जब फोटोग्राफर्स ने कपल को पोज करने के लिए कहा, तो कभी अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या के कंधे पर हाथ रखे दिखे, तो कभी एकटक अपनी ब्यूटीफुल वाइफ की खूबसूरत आंखों में देखते रहे। सालों की शादी के बाद अभिषेक बच्चन का वहीं प्यार भरा अंदाज देखने



के बाद ऐश्वर्या राय की स्माइल थमने का नाम नहीं ले रही थीं। जब अभिषेक ने प्यार से उनके कंधे पर हाथ रखा, तो बड़े ही प्यार से ऐश्वर्या राय ने भी उनके शोल्डर पर अपना सिर टिका दिया। जब पैपराजी ने ऐश्वर्या से मनीष मल्होत्रा के घर में एंट्री करते हुए सोलो फोटो मांगी, तो अभिनेत्री ने इशारों में ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया। ऐश्वर्या राय ने इस खास मौके पर लाल सुर्ख साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत लग रही थीं। उनके लुक की तारीफ करते हुए दूसरे यूजर ने लिखा, "मैं ऐश्वर्या पर से आंखें नहीं हटा पा रहा हूं। दोनों बहुत ही खूबसूरत लग रहे हैं।"

रामायण में इन 6 किरदारों ने चौंकाया अपनी अपीयरेंस और एक्टिंग से किया इंप्रेस

मुंबई। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है। बता रहे हैं उन 6 कलाकारों के बारे में जिन्होंने रामायण फिल्म में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से चौंका दिया। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है।



कैकसी : रावण की मां कैकसी के रोल में साउथ एक्ट्रेस और पद्म भूषण से सम्मानित शोभना ने चौंका दिया। उन्होंने फिल्म में दमदार रोल प्ले किया और फिल्म की शुरुआत से ही छाई रहीं। रावण की अपब्रिंगिंग में उनका किरदार कितना अहम था ये इस फिल्म में देखने को मिलता है।

जटायु : रामायण फिल्म में जटायु का किरदार अनुपम खेर ने प्ले किया है। इस रोल में वे शानदार परफॉर्म करते नजर आए हैं। जटायू ने ही राम को रावण का पता बताया था। वहीं, सीता मइया को रावण के चंगुल से बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगाई थी।

विश्वामित्र : वैदिक काल के महान ऋषि और राम के गुरु विश्वामित्र का किरदार फिल्म में अजंक्य देओ ने प्ले किया है। इस किरदार में वे काफी असरदार साबित हुए हैं। राम को उनके कन्फर्ट जोन से बाहर निकाल एक योद्धा बनाने की पहली शुरुआत विश्वामित्र ने ही की थी। फिल्म में अजंक्य ने ये किरदार बहुत बेखूबी निभाया है।

विद्युतजीव्हा : शूर्पणखा के पति विद्युतजीव्हा का किरदार रामायण फिल्म में विवेक ओबेरॉय ने प्ले किया है। इस रोल में वे काफी प्रभावशाली रहे हैं। रावण को एक महान शासक बनाने में विद्युतजीव्हा का क्या योगदान था ये इस फिल्म में देखने को मिला है। रावण संग उनकी लड़ाई का प्रसंग भी इसमें दिखाया गया है, जिसमें रावण उनकी जान ले लेता है।

शूर्पणखा : शूर्पणखा का किरदार रामायण फिल्म में काफी मायने रखता है। उनके किरदार के बिना तो रामायण की कल्पना करना मुश्किल है। क्योंकि, राम और रावण के बीच लड़ाई और सीता हरण का मुख्य कारण शूर्पणखा ही थीं जो अपने भाई के हाथों अपने पहले पति विद्युतजीव्हा के वध के बाद राम को दिल दे बैठी थीं। रकुल प्रीत सिंह ने इस किरदार के साथ पूरा न्याय किया है।

मारीच : रावण की सेना में मारीच नाम का एक दानव था जो अपने मायावी छल के लिए जाना जाता था। वो रिश्ते में रावण का माम और उसकी मां कैकसी का भाई थी। मारीच का रोल इस फिल्म में सौरभ सचदेव ने निभाया है। वे अपने रोल में परफेक्ट नजर आए हैं।

इन फिल्मों के गाने त्योहार की खुशियों में लगा देंगे चार चांद

बॉलीवुड की इन सात फिल्मों में दिखी दिवाली की धूम

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में हमेशा ही त्योहारों का विशेष महत्व दिया जाता है। फिर चाहे वो ईद, दशहरा, दिवाली या फिर होली सभी त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। ऐसे में जब बात रौशनी की त्योहार दिवाली की हो तो फिल्मों में इसकी रौनक देखते ही बनती है। आज हम आपको ऐसी ही 7 फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें दिवाली के सीन दिखाए गए हैं। इन फिल्मों के दिवाली सॉन्ग्स भी आपको झूमने पर मजबूर कर देंगे।

कभी खुशी कभी गम

जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, करीना कपूर, ऋतिक रोशन, काजोल और शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में भी दिवाली की धूम दिखाई गई है। फिल्म में जया बच्चन दिवाली की पूजा करके हाथों में थाली लिए अपने बेटे शाहरुख का वेलकम करने के लिए तैयार दिखती हैं।

तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म के मेन कैरेक्टर ईशान के लिए दिवाली खुशी का नहीं बल्कि दुख का कारण था क्योंकि वो अपने माता-पिता से दूर एक बोर्डिंग स्कूल में था।

हम आपके हैं कौन

ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'हम आपके हैं कौन' भी इसी लिस्ट में शामिल है। इस मूवी में माधुरी दीक्षित और सलमान खान की जोड़ी ने धमाल मचा दिया था। इसमें भी दिवाली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया था। दिवाली सेलिब्रेशन को दिखाते हुए 'धिक ताना' गाना फिल्माया गया।



आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

'आई है दिवाली सुनो जी घरवाली' ये गाना फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' का है। इस गाने से ही साफ है कि फिल्म में दिवाली को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया है। इसमें गोविंदा और जूही चावला सहित कई स्टार्स नजर आए थे।

मोहब्बतें

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और अमिताभ बच्चन समेत मल्टीस्टारर फिल्म 'मोहब्बतें' में भी दिवाली को बहुत ही धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। फिल्म में दिवाली सेलिब्रेशन का गाना 'जिंदा रहती हैं उनकी मोहब्बतें' आज भी हर किसी की फेवरेट सॉन्ग लिस्ट में शामिल है।

चाची 420

कमल हासन की फिल्म 'चाची 420' भी इसी लिस्ट में शामिल है। इस फिल्म में एक खास सीन है, जिसमें चाची भारती यानी कमल की ट्यूटर के तौर पर नौकरी के लिए दुर्गा प्रसाद भारद्वाज के घर जाती हैं। इस दौरान वह भारती को एक भयानक पटाखे की घटना से बचाती हैं।

होम डिलीवरी

विवेक ओबेरॉय की फिल्म 'होम डिलीवरी' का एक सॉन्ग है, जो अक्सर दिवाली के मौके पर ट्रेंड में रहता है। ये गाना है 'हैप्पी दिवाली'। इसके घर हो या ऑफिस हर जगह दिवाली पर सुनने को मिलता है।



धनतेरस पर धन की वर्षा : हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों, पेंशनर्स, योजना के लाभार्थियों को दी सौगातें

कर्मियों का महंगाई भत्ता 3 फीसदी बढ़ा

63% हुआ भत्ता, एक जुलाई से लागू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 3% की बढ़ोतरी की है। वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी सुधीर राजपाल पत्र जारी कर ये आदेश दिए। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक जुलाई 2026 से लागू माना जाएगा। इसका लाभ सातवें वेतन आयोग के तहत वेतन और पेंशन लेने वाले कर्मचारियों, पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को मिलेगा। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता नवंबर की सैलरी के साथ मिलेगा, जबकि पेंशनर्स को दिसंबर में मिलने वाली पेंशन में इसका लाभ दिया जाएगा। जुलाई से अक्टूबर तक के चार महीने का एरियर जनवरी 2027 में दिया जाएगा। प्रदेश के 5.38 लाख कर्मचारी और पेंशनर्स इसके दायरे में आते हैं।

एरियर जनवरी में मिलेगा

बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2026 से लागू माना जाएगा। ऐसे में कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2026 का चार महीने का बकाया डीए मिलेगा। इसका भुगतान जनवरी 2027 में एकमुश्त किया जाएगा। वहीं, नवंबर 2026 की सैलरी में बढ़ी हुई दर के हिसाब से महंगाई भत्ता मिलेगा। पेंशनर्स को बढ़ी हुई महंगाई राहत (डीआर) दिसंबर 2026 में मिलने वाली पेंशन के साथ दी जाएगी। सरकार की घोषणा से कर्मचारियों और पेंशनर्स में खुशी की लहर दौड़ गई है।

ग्रामीण चौकीदारों को अब 15000 मानदेय

वर्दी और साइकिल के लिए मिलेंगे 5000



सरकार ने ग्रामीण चौकीदारों का मानदेय बढ़ा दिया है। अब उन्हें हर महीने 11 हजार की बजाए 15 हजार 200 रुपये मिलेंगे। इसके साथ ही हर साल मिलने वाला वर्दी भत्ता 4 की बजाए 5 हजार होगा। लाठी, बैटरी और छाते के लिए एक हजार के बजाए डेढ़ हजार रुपये सालाना मिलेंगे। साइकिल भत्ता 3500 से बढ़ाकर 5 हजार कर दिया गया है।

ईएसआई का लाभ भी मिलेगा

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण चौकीदारों के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए घोषणा की कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार अब जल-कर्मियों और सफाई-कर्मियों की तर्ज पर ग्रामीण चौकीदारों को ईएसआई यानी कर्मचारी राज्य बीमा का लाभ मिलेगा। इससे बीमारी के समय उन्हें और उनके परिवारों को इलाज की सुविधा मिलेगी।

बुढ़ापा, विधवा पेंशन के पैसे खातों में आए

लाडो लक्ष्मी की 13वीं किस्त भी जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में 52 लाख लोगों के खातों में धनतेरस के दिन पैसा आया है। सरकार ने कुल 4470 करोड़ 77 लाख रुपये जारी किए। ये रकम प्रदेश सरकार की अलग-अलग 21 सामाजिक योजनाओं की है। इनमें बुढ़ापा-विधवा व बेसहारा पेंशन शामिल है। इसके अलावा लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 10 लाख 59 हजार महिलाओं के खाते में पैसे गए हैं। योजना में महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये मिलते हैं। सीएम नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास से योजनाओं की ये राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की। हर महीने इन योजनाओं का पैसा 10 तारीख को मिलता है, जबकि इस बार 4 दिन पहले ही खातों में ट्रांसफर किया गया।

गांव-शहरों के विकास के लिए बजट

गांवों के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग से 22 जिला परिषदों, 143 पंचायत समितियों और 6,230 ग्राम पंचायतों को 1,158 करोड़ रुपये जारी। शहरों के विकास के लिए नगरपालिकाओं को 1,727.80 करोड़ रुपये दिए।

'हर घर-हर गृहिणी' के पैसे आए

मुख्यमंत्री ने 'हर घर-हर गृहिणी' योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल करवाने वाली 6 लाख 5 हजार बहनों के बैंक खातों में सितम्बर माह की 24 करोड़ 25 लाख रुपये की सब्सिडी भी जारी की। इस योजना में पात्र महिलाओं को हर महीने 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। आज जारी की गई राशि को मिलाकर, अब तक 14 लाख 66 हजार पात्र बहनों के बैंक खातों में कुल 404 करोड़ 46 लाख रुपये की राशि डाली जा चुकी है। वहीं, 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की 13वीं किस्त जारी की है।

खबर संक्षेप

सीएम ने दीं गोमाता के पर्व गोवत्स द्वादशी की शुभकामनाएं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जगत जननी गोमाता की उपासना और सेवा के पावन पर्व गोवत्स द्वादशी (बछ बारस) की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि गौमाता हमारी आस्था, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं। डॉ यादव ने इस अवसर पर गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौसेवा का संकल्प लेने का प्रदेशवासियों से आव्हान किया, उन्होंने कहा कि गौमाता की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर बनी रहे यही कामना है।

निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद सीएम से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री पुरी

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने गुरूवार को केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त कर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की।

सीएम ने कहा: हर गांव-शहर को सड़कों से जोड़ना हमारा लक्ष्य

63 हजार 296 करोड़ की लागत से तैयार होगा 5 ग्रीन फील्ड कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़कें विकास की वास्तविक जीवन रेखा होती हैं। मप्र का कोई गांव, कस्बा या शहर बेहतर सड़क संपर्क से वंचित न रहे। हर गांव-शहर को बारहमासी सड़कों से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। स्टेट हाईवे, फोर लेन, सिक्स लेन, 8 लेन और ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के माध्यम से आधुनिक सड़क नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इससे प्रदेश में कनेक्टिविटी का नेटवर्क और मजबूत होगा। यह बात सीएम ने कही।

मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सड़कों के जो काम निर्माणाधीन हैं, उनमें कार्य की गति बढ़ाकर तेजी से पूरा कर लें। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में करीब 63 हजार 296 करोड़ रुपए की लागत से कुल 1398 किमी लंबाई वाले पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर्स तैयार करने के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। यह फोर लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर, पेव्हड शेल्डर सहित होंगे।

मप्र सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की हुई 49वीं बैठक


सड़क विकास निगम की बैठक में मौजूद सीएम।

प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, उद्योग और मप्र हाऊसिंग बोर्ड के साथ आपसी तालमेल से काम करें। सड़क निर्माण कार्यों की गति तेज करें, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर भी काम करें तथा सभी संभावनाओं पर एक साथ काम करें।

इन प्रस्तावों को मंजूरी

सीएम ने इस दौरान बीओटी योजनातर्गत 4 लेन जावरा-नयागांव खंड की परियोजना में शतप्रतिशत इक्विटी के विनिवेश की अनुमति को मंजूरी दी। निगम के सुचारू संचालन के लिए मुख्य अभियंता के दो, महाप्रबंधक के तीन तथा उप महाप्रबंधक के पांच नवीन पदों के सृजन को मंजूरी दी गई। लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग के स्वामित्वाधीन मप्र तिलहन संघ भवन, अर्थात पीएएम भवन, अरेरा हिल्स के अधिग्रहण, स्वतंत्र संचालक की नियुक्ति सहित अन्य मंजूरी दी गईं।

स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से आज संवाद करेंगे सीएम

स्वामित्व योजना में ग्रामीणों को मिल रहा उनकी संपत्ति का मालिकाना हक

सीएम आज मुरैना जिले के ग्राम करुआ में स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलाने और सम्पत्ति संबंधी अधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान में शामिल होंगे। डॉ यादव स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। साथ ही मुरैना जिले के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित मकानों एवं अन्य सम्पत्तियों के पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख एवं सम्पत्ति स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण परिवारों को अपनी सम्पत्ति का कानूनी अधिकार प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें आर्थिक गतिविधियों एवं वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी मदद मिलेगी।

लक्ष्य निर्धारित

सीएम के निर्देश पर शुक्रवार से ग्रामीणों को स्वामित्व योजना का लाभ देने के लिए मंत्री, सांसद एवं विधायक गांव में पहुंचकर अपनी उपस्थिति में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री पूर्ण कराएंगे। प्रदेश में अब तक लगभग 15 लाख 98 हजार 46 रजिस्ट्रियां की जा चुकी हैं और 15 नवम्बर तक 20 लाख रजिस्ट्रियां पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

दुबई से एयर एंबुलेंस के जरिए भारत पहुंचे ज्ञानेंद्र तिवारी, एम्स दिल्ली में उपचार जारी

भोपाल। अपनों के लौटने की उम्मीद और लंबे इंतजार के बाद अनूपपुर जिले के ज्ञानेंद्र तिवारी दुबई से एयर एंबुलेंस के माध्यम से सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। उन्हें बेहतर उपचार के लिए दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। ज्ञानेंद्र की स्वदेश वापसी के लिए भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन द्वारा समन्वित प्रयास किए गए। सीएम की पहल पर प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क एवं आवश्यक समन्वय किया गया। वहीं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने भी ज्ञानेंद्र की सुरक्षित भारत वापसी और बेहतर उपचार सुनिश्चित कराने के लिए लगातार प्रयास किए।

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर हुई कार्रवाई

इस पूरे घटनाक्रम में शासन-प्रशासन के स्तर पर किए गए प्रयासों के फलस्वरूप दुबई से एयर एंबुलेंस के जरिए उन्हें भारत लाने की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए एम्स दिल्ली पहुंचाया गया। पारिवारिक रिश्तेदार देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि ज्ञानेंद्र तिवारी की स्वदेश वापसी को लेकर पूरा परिवार लगातार चिंतित था। उन्होंने ज्ञानेंद्र की सुरक्षित वापसी में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

मिलकर काम करें तो एक साल में 1 लाख करोड़ का निर्यात लक्ष्य संभवः बर्णवाल

आवश्यकता पड़ने पर व्यापार बढ़ाने के लिए नीति में करेंगे जरूरी बदलावः मंत्री काश्यप

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप उद्योग संगठनों से कहा है कि वे हर उद्योग की निर्यात संभावनाएं खोजकर शासन के पास लाएं, और आश्वासन दिया कि छोटे या बड़े किसी भी उद्योग का व्यापार बढ़ाने के लिए नीति में बदलाव की आवश्यकता होगी, तो राज्य शासन वह भी जरूर करेगा। काश्यप भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के सहयोग से गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित कर रहे थे। कॉन्क्लेव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग और मप्र औद्योगिक विकास निगम ने विदेश व्यापार महानिदेशालय और भारत व्यापार संवर्धन संगठन के साथ मिलकर कॉन्क्लेव आयोजित की।

उद्योग को व्यापार समझौतों का लाभ लेने के गुर बताए

मुख्य सचिव बर्णवाल ने उद्योग को व्यापार समझौतों का लाभ लेने के गुर बताए। सरकार समझौते से बाजार का रास्ता खोलती है, खरीददार तक पहुंचना गुणवत्ता से तय होता है, और समझौता निर्यातक को प्रतिस्पर्धी से आगे निकलने की अतिरिक्त बढ़त देता है। उन्होंने 1 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के लिए उद्योग संगठनों को तीन कदम बताए। पहला, अपने क्षेत्र के कम से कम पांच ऐसे उत्पाद चुनें जिनमें निर्यात की सबसे अधिक क्षमता है। दूसरा, इन उत्पादों के लिए एफटीए साझेदार देशों में सबसे संभावनाशील बाजार पहचानें, जो इस स्तर तक निर्यात कर सकती हैं। बर्णवाल ने कहा कि उद्योग और शासन मिलकर काम करें, तो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा तय 1 लाख करोड़ रुपए के निर्यात का लक्ष्य एक वर्ष में प्राप्त किया जा सकता है।

कुल निर्यात में लगभग आधा हिस्सा

मंत्री काश्यप ने कहा कि देश के कुल निर्यात में लगभग आधा हिस्सा एमएसएमई का है। चीन में बिजली, श्रम और अधोसंरचना की लागत बढ़ने से भारत और मध्यप्रदेश के निर्माताओं के लिए विश्व बाजार में बड़ा अवसर बना है, और इसका लाभ लेने के लिए उद्यमी उत्पादन का पैमाना और क्षमता बढ़ाएं, जिससे प्रति इकाई लागत घटे। उन्होंने कहा कि यूके और यूरोपीय संघ के साथ समझौतों में परिधान पर जीरो शुल्क के लिए उत्पाद में भारतीय अंश अधिक होना आवश्यक है।

स्कूटी सवार बदमाशों ने छीना आईफोन

दीवाली समारोह में शामिल होने जा रही एयर होस्टेस से लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में त्योहारी सीजन के दौरान कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अपराधियों ने एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। दीवाली की खुशियों के बीच एक एयर होस्टेस को बदमाशों ने निशाना बनाया।

इंडिगो एयरलाइंस की एयर होस्टेस सहेली के साथ स्कूटी पर सवार होकर एक दीवाली समारोह में शामिल होने जा रही थी, तभी रास्ते में बदमाशों ने उसे लूट का शिकार बना लिया। इस घटना के बाद से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना चार नवंबर की रात लगभग 11 बजे घटित हुई। भाठागांव मठपुरैना क्षेत्र की रहने वाली युवती अपनी सहेली आर्या सेन के साथ स्कूटी से वीआइपी रोड की ओर से मुजगहन स्थित इवारा फार्म जा रही थी। जैसे ही वे खिलोरा-सिवनी रोड पर नहरपार के पास पहुंचीं, वैसे ही पीछे से एक अन्य स्कूटी पर सवार होकर दो अज्ञात युवक तेजी से उनके करीब पहुंचे। स्कूटी के पीछे बैठे शातिर बदमाश ने बिना किसी डर के अचानक झपट्टा मारा और युवती के हाथ से उसका कीमती आईफोन 15 छीन लिया। वारदात इतनी तेजी से हुई कि दोनों युवतियां संभल भी नहीं पाईं। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। लूटे गए मोबाइल फोन की बाजार कीमत करीब 40 हजार रुपए आंकी गई है। वारदात के तुरंत बाद घबराई हुई युवतियों ने आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, परंतु आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद शुक्रवार को पीड़िता ने अपनी सहेली के साथ मुजगहन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

मप्र में कांग्रेस का ओबीसी दांव, दो उपाध्यक्ष भी नियुक्त

बैजनाथ कुशवाहा को ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बीच अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की रणनीति के तहत कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा कदम उठाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग में नई नियुक्तियों को मंजूरी देते हुए पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाहा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं राजेंद्र मंडोली और पवन पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। कांग्रेस की यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब मध्य प्रदेश की राजनीति में ओबीसी मतदाताओं की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण बनी हुई है। प्रदेश की आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी करीब आधी मानी जाती है। ऐसे में भाजपा के मजबूत ओबीसी जनाधार को चुनौती देना कांग्रेस की प्रमुख राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल है।

संगठनात्मक गतिविधियां की जाएं तेज

पार्टी की कोशिश है कि नए नेतृत्व के जरिए पिछड़े वर्गों के बीच संगठनात्मक गतिविधियां तेज की जाएं और विभिन्न जातीय समूहों को पार्टी से जोड़ा जाए। बैजनाथ कुशवाहा मुरैना की सबलगढ़ विस सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2018 के विस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। वह मप्र कांग्रेस कमेटी में महासचिव की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उनकी नियुक्ति को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में ओबीसी राजनीति को मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं राजेंद्र मंडोली और पवन पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पवन पटेल इससे पहले भी कांग्रेस के ओबीसी विभाग में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पार्टी ने इन नियुक्तियों के जरिए ओबीसी संगठन को सक्रिय करने और विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक संपर्क बढ़ाने का प्रयास किया है। ओबीसी राजनीति भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बेहद अहम रही है। भाजपा ने उमा भारती, शिवराज सिंह चौहान और सीएम जैसे नेताओं के माध्यम से इस वर्ग में अपना मजबूत आधार तैयार किया है।

मुद्दा चर्चाओं में

अक्टूबर 2026 में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के बाद यह मुद्दा फिर राजनीतिक चर्चा में है। ऐसे में कांग्रेस को उम्मीद है कि आरक्षण, जातिगत जनगणना और पिछड़े वर्गों की राजनीतिक हिस्सेदारी जैसे मुद्दों के माध्यम से वह भाजपा सरकार को घेर सकेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी लगातार जातिगत जनगणना और आबादी के अनुपात में अधिकार की मांग उठाते रहे हैं। पार्टी की कोशिश होगी कि इन मुद्दों को नए ओबीसी नेतृत्व के माध्यम से प्रदेश के गांवों, कस्बों और जिला स्तर तक पहुंचाया जाए।

माओवादी डंप से 955 डेटोनेटर बरामद, नक्सलवाद के सफाए के बाद विस्फोटक ढूंढने में जुटे सुरक्षा बल

करेंगुट्टा के बाद अब पुजारीकांकेर के जंगल में मिले विस्फोटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से माओवादी हिंसा का दौर आधिकारिक रूप से समाप्त होने की घोषणा के बावजूद, जंगलों में छिपाया गया विस्फोटकों का जखीरा सुरक्षा बलों के लिए अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। ताजा मामले में, बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुजारीकांकेर के जंगलों में सुरक्षा बलों ने एक भारी मात्रा में डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की है। बरामद डेटोनेटरों की संख्या 955 हैं। सुरक्षा एजेंसियों के आकलन के अनुसार, बरामद किए गए 455 इलेक्ट्रिक और 500 नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटरों का इस्तेमाल कर माओवादी लगभग 1000 आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) तैयार कर सकते थे। इतनी बड़ी संख्या में आईईडी का विस्फोट बस्तर के एक बड़े हिस्से को दहला सकता था और इससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है।

लगातार मिल रहे विस्फोटकों के जखीरे



यह बरामदगी इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ठीक एक दिन पहले ही पास के करेंगुट्टा की पहाड़ियों से 711 बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सेल बरामद किए गए थे। लगातार दो दिनों में सामने आए विस्फोटकों के ये बड़े जखीरे यह स्पष्ट करते हैं कि माओवादियों ने अपने वर्चस्व वाले दौर में जंगलों को हथियारों और विस्फोटक सामग्री के विशाल भंडार के रूप में इस्तेमाल किया था। अब जबकि संगठन की सशस्त्र मौजूदगी समाप्त हो चुकी है, इन पुराने और छिपे हुए ठिकानों को ढूंढना सुरक्षा बलों के लिए कठिन परीक्षा है। पुलिस के अनुसार, 204 कोबरा बटालियन से मिली जानकारी के आधार पर, जिला बल और कोबरा की एक संयुक्त टीम ने पुजारीकांकेर के दक्षिण-पूर्व दिशा में पहाड़ी और जंगली क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया। इसी दौरान जमीन के नीचे छिपाकर रखा गया यह संदिग्ध डंप बरामद हुआ।

उपकरण भी मिले

डेटोनेटर के अलावा, मौके से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी मिले हैं, जिनमें मल्टीमीटर, रेडियो सेट बैटरी चार्जर कप, कॉपर प्रोटोटाइपिंग बोर्ड (पीसीबी), यूएसबी पोर्ट कार्ड रीडर, मोबाइल चार्जर, लैपटॉप एडाप्टर, एंटीना और रिले कंट्रोल सर्किट बोर्ड शामिल हैं। इसके अलावा माओवादी साहित्य भी बरामद किया गया है। फ्लिहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

माया के स्वस्थ होने और जीवन रक्षा के लिए प्रार्थना करें

केरल। केरल के अभयारण्य में रहने वाली 18 महीने की हथिनी माया जुलाई में गिरने के बाद से अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पा रही है। आज उसे बेहतर और गहन चिकित्सा उपचार के लिए कोच्चि से एयरलिफ्ट करके वंतारा ले जाया जा रहा है। वह



अभी बहुत छोटी है, लेकिन बेहद साहसी है और उसे हम सभी की दुआओं की जरूरत है। कृपया माया के शीघ्र स्वस्थ होने और जीवन रक्षा के लिए प्रार्थना करें। माया एक मादा हाथी का बच्चा है, जिसकी उम्र लगभग 15 महीने है। जन्म के दिन ही उसके झुंड द्वारा छोड़ दिए जाने के बाद उसे कप्रीक्कड़ स्थित अभयारण्य शिविर में लाया गया था। तब से शिविर के देखभालकर्ताओं और वन विभाग के अधिकारियों ने उसका पालन-पोषण किया है।जुलाई 2026 में माया दुर्घटनावश गिर गई, जिसके बाद वह अपने पैरों पर वजन सहन करने में असमर्थ हो गई। लगभग दो महीने तक वह लगातार लेटी रही और अपने आप उठ नहीं सकी। वन विभाग ने उसके इलाज और देखभाल के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों का एक मेडिकल बोर्ड गठित किया। मेडिकल बोर्ड की सलाह पर अभयारण्य स्थित पशु चिकित्सालय में सहायक वन पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसका उपचार किया गया। हालांकि, इन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई।

चिंतन

पर्यावरण के प्रति निभानी होगी जिम्मेदारी भी



मुद्दा
ज्ञानेन्द्र रावत

हवा में घुलता जहर अब किसी एक शहर, राज्य या वर्ग की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि इससे पूरा देश त्रस्त है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा-पंजाब के कई शहर तो गैस के चैंबर बन चुके हैं। यहां लोगों का सांस लेना भी दुर्भर हो रहा है। देश के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर भयावह स्थिति में पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि समस्या की जड़ें कितनी गहरी हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है कि सरकार और अदालतें जितने अधिक आदेश और पाबंदियां लगाएंगी, उनके उल्लंघन की आशंका भी उतनी ही बढ़ेगी। सवाल वाजिब है कि क्या केवल सख्त नियम बनाकर स्वच्छ हवा सुनिश्चित की जा सकती है? निश्चित रूप से नहीं। इसके लिए सरकारी इच्छाशक्ति के साथ नागरिकों की जिम्मेदारी और व्यवहार में बदलाव भी जरूरी है। लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी हम साफ हवा में सांस ले पाएंगे। प्रदूषण की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 391 तक पहुंच गया, जबकि कई निगरानी केंद्रों पर यह 400 के पार दर्ज किया गया। हरियाणा, पंजाब, यूपी और राजस्थान में भी यह 400 के करीब रहा। इन आंकड़ों के बीच यह समझना जरूरी है कि प्रदूषण अब केवल दिल्ली की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य का गंभीर खतरा बन चुका है। ग्रैप-3 लागू होने के बावजूद यदि हवा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा तो व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण के लिए केवल पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार ठहराने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाया है। पांच नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी महज 14 प्रतिशत थी। इसका अर्थ है कि शेष प्रदूषण के लिए वाहन, उद्योग, निर्माण गतिविधियां, सड़क की धूल, ऊर्जा उत्पादन और कचरा जलाने जैसे स्रोत भी जिम्मेदार हैं। महंगी और बड़ी गाड़ियों से निकलने वाला धुआं हो या निर्माण स्थलों पर उड़ती धूल, इन पर प्रभावी नियंत्रण के बिना प्रदूषण से लड़ाई अधूरी रहेगी। अदालत की यह चिंता भी गंभीर है कि प्रदूषण का सबसे अधिक नुकसान गरीब और कमजोर वर्ग को उठाना पड़ता है। जिनके पास महंगे एयर प्यूरीफायर, बेहतर आवास और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। असल जरूरत प्रदूषण नियंत्रण को मौसमी अभियान के बजाय सालभर की प्राथमिकता बनाने की है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों के उत्सर्जन की नियमित निगरानी, निर्माण स्थलों को ढकना, सड़कों की नियमित सफाई और कचरा जलाने पर प्रभावी रोक जैसे उपाय निरंतर लागू करने होंगे। साथ ही नागरिकों को भी निजी वाहनों का अनावश्यक इस्तेमाल छोड़ने, कचरा नहीं जलाने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की जरूरत है। अदालतें दिशा दे सकती हैं, सरकारें नियम बना सकती हैं और प्रशासन कार्रवाई कर सकता है, लेकिन स्वच्छ हवा का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा। पर्यावरण संरक्षण किसी एक विभाग या अदालत का दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। आखिर सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा किसी की सुविधा नहीं, हर नागरिक का अधिकार है। इसे बचाने के लिए जिम्मेदारी भी सबको निभानी होगी।

भीषण प्रदूषण की मार से कराहते लोग

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। जहां तक मुझे याद आता है आज से तकरीब चौदह-पंद्रह साल पहले की बात है, एक अमेरिकी पत्रकार ने अपने विदाई संदेश में लिखा था कि - 'वह दिल्ली इसलिए छोड़कर जा रहा है कि अमेरिकी दूतावास में प्रदूषण जांचने वाली मशीन बता रही है कि यहां उसके बच्चे की सेहत को खतरा है।' उस वक्त यह कहा गया था कि अमेरिकी दूतावास समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। कुछ समय बाद जब दिल्ली में सरकारी प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित किए गए, तब उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की कि समस्या वाकई गंभीर है। उस समय कहा गया था कि यहां की आबोहवा में हद से भी अधिक पीएम 2.5 की मौजूदगी से न सिर्फ बच्चे समय पूर्व अस्थमा के शिकार हो सकते हैं, बल्कि गर्भवती महिलाएं ऐसे बच्चों को जन्म दे सकती हैं,जो तमाम तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ कम वजन के शिकार होंगे।

पीएम 2.5 के ऐसे सूक्ष्म कण तो बुजुर्गों के लिए बेहद घातक हो सकते हैं। असलियत में तकरीबन 14-15 साल बाद आज देश की राजधानी के हालात वास्तव में न सिर्फ उससे भी ज्यादा खराब हैं बल्कि बेहद भयावह हैं। हालात की गंभीरता का सबूत यह है कि पिछले कुछ सालों से डॉक्टर दिल्ली के लोगों को सर्दियों के इन महीनों में बाहर पहाड़ी इलाकों में जाने की सलाह देते हैं ताकि यहां की जहरीली हवा से उनकी जान बच सके। आने वाले दिनों में हवा और ज्यादा प्रदूषित होने के आसार हैं। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता। सीपीसीबी इसकी पुष्टि करता है। जबकि केन्द्र सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम, एनसीएपी लागू किया था जिसमें अभी तक मामूली सफलता ही हाथ लगी है। राज्य और नगर निगम एनसीएपी के तहत मिले फंड का 70 फीसदी हिस्सा ही खर्च कर पाये हैं। उसमें भी सरकार ने बजटीय आवंटन का अधिकांश हिस्सा स्थायी सुधारों जैसे सार्वजनिक परिवहन के बजाय केवल सड़कों पर पानी छिड़कने व मैकेनाइज्ड स्वीपिंग जैसी तात्कालिक गतिविधियों पर ही खर्च किया है। अब सरकार दावा कर रही है कि प्रदूषण पर वार के लिए 'वार रूम' तैयार है जिसके तहत प्रदूषण की निगरानी व्यवस्था बढ़ाई जाएगी और प्रदूषण की रियल टाइम मॉनीटरिंग और उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि हकीकत में अभी तक कहीं-कहीं न तो वायु गुणवत्ता मापक यंत्र ही लग पाये हैं और न ही वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन ही लगे हैं। उस स्थिति में जबकि सर्दियां आते ही उत्तर भारत में हवा खराब होने लगती हैं। गिरता तापमान और रुकी हुई हवायें जहरीले धुंए को जमीन के पास रोक लेती हैं जिससे दिल्ली और आसपास के मैदानी इलाकों में एक दम घोंटने वाली धुंध छा जाती है। इससे लोग परेशान होते हैं और उनके लिए सांस लेना भी दूभर हो जाता है। फिर इसमें बीते 25 सालों में दिल्ली में हुए बेतरतीब विकास ने पारिस्थितिकी को बड़ी क्षति पहुंचायी है, जिसकी कीमत प्रदूषण के रूप में जनता को चुकानी पड़ रही है। नतीजतन प्रदूषण से दिल्ली हांफ रही है। हकीकत में देश की राजधानी दिल्ली का बेतरतीब



फैल रहे भारत के शहरों में पांचवां स्थान है जिसका अहम कारण कमजोर योजना, बिखरा प्रशासन, असमान सेवाओं के चलते उत्पादकता और जीवन गुणवत्ता का बुरी तरह प्रभावित होना है। यहां पिछले 15 सालों में आबादी 37.5 फीसदी की दर से बढ़कर 2.30 करोड़ के पास पहुंच गई है लेकिन आबादी के हिसाब से यहां सुविधायें आज भी अधूरी हैं। आंकड़े इसके जीते-जागते सबूत हैं। शोधों के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत पर भी असर डाल रहा है। प्रदूषण की वजह से मां के पेट में भ्रूण का विकास प्रभावित हो रहा है, नतीजतन कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। इससे उनका कद भी घट रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ रहा है। यही नहीं, वायु प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों, उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, सीखने की क्षमता और एकाग्रता पर भी असर डाल रहा है। बिगड़ती हवा से बच्चों में सांस की बीमारी 10 साल पहले की तुलना में 47 फीसदी बढ़ गयी है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण यानी पीएम 2.5 कम उम्र में ही आंखों में मोतियाबिन्द और ग्लूकोमा यानी काला मोतिया का कारण बन रहा है। सबसे दुखदायी तो यह है कि वायु प्रदूषण के संपर्क से आत्महत्या या आत्मघाती विचारों का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से इंसानी फेफड़े बेदम हो रहे हैं। यह हमारे दिमाग की धार को कुंद कर रहा है। जहां तक दिल्ली वालों का सवाल है, उनके तो फेफड़े काले हो रहे हैं। और तो और यह रक्त वाहिकाओं पर भी असर डाल रहा है। यह दिल के मर्ज को जानलेवा बना रहा है। यह दिल के लिए मधुमेह और कोलेस्ट्राल से भी घातक साबित हो रहा है। अब इसका असर हृदय, फेफडों, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र, मस्तिष्क से जुड़े रोगों को ही प्रभावित नहीं कर रहा, हड्डियों, श्वसन व प्रजनन तंत्र से भी काफी आगे बढ़ गया है। यह शरीर के हरेक अंग को प्रभावित कर रहा है। यह कैंसर और मैटाबोलिक विकार को भी पार कर गया है। इससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। यही नहीं, उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्व बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर भी बुरा असर डाल रहे हैं। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है। वायु प्रदूषण अब कम उम्र में आंखों की रोशनी छीन रहा है। यातायात सम्बंधी प्रदूषण इन समस्याओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निबाह रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार पीएम कण इतने सूक्ष्म हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क में पहुंच कर दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा कर रहे हैं।

सबसे दुखदायी स्थिति यह है कि 15 साल से कम उम्र के 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं। हकीकत है कि वायु प्रदूषण से हर साल तकरीबन बीस लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। भारत में सभी श्वसन संबंधी मौतों में से एक तिहाई से अधिक वायु गुणवत्ता से जुड़ी हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी होने वाली ज्यादातर स्वास्थ्य समस्याएं एयरोसोल से जुड़ी होती हैं जिसके कण मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं जो जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता सम्बंधी प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। इसके लम्बे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता की जरूरत

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस है। कैंसर भारत सहित दुनिया भर में गैर-संचारी रोगों की वजह से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। 29 अप्रैल, 2026 को जारी राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यालय (एनसीआरपी) की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 2 लाख, 31 हजार 671 नए कैंसर मामलों का अनुमान लगाया गया है, जो कि देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा है। 2030 तक यह आंकड़ा 2 लाख, 54 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। इसी तरह आंध्रप्रदेश में 65000, असम में 51734, तेलंगाना में 46762 कैंसर के नए मामले सामने आए हैं। देश के अन्य राज्यों की भी तकरीबन ऐसी ही स्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 8 जुलाई, 2026 को अपनी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर 2026 जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत में कैंसर के 15.6 लाख नए मामले दर्ज किए गए हैं। भारत में 2024 के दौरान कैंसर से 9,01,828 मौतें हुई, जबकि करीब 33.2 लाख लोग निदान के बाद जीवन जी रहे हैं। वैश्विक स्तर पर बात करें तो वर्ष 2024 में विश्व भर में कैंसर के लगभग 2.06 करोड़ नए मामले सामने आए हैं और लगभग एक करोड़ लोगों की मौत हुई है। माना जा रहा है कि अगर इस स्थिति पर नियंत्रण नहीं लगा तो वर्ष 2050 तक कैंसर के नए मामलों की संख्या 3.5 करोड़ वार्षिक तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर पांच में से एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कभी न कभी कैंसर होने की आशंका है। इसके अलावा परिवार के किसी सदस्य के निदान को शामिल करें तो लगभग 92 फीसद लोग किसी न किसी रूप में इस बीमारी से प्रभावित होते हैं। अच्छी बात यह है कि 2010 से वैश्विक स्तर पर तंबाकू के उपयोग में 27 फीसद की गिरावट आई है जिससे फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कुछ कमी आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 320 अरब डॉलर का निवेश किया जाता है तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी हो जाएगी। अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते पपानीकोलाउ (पैप) स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएमआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरूकता का घोर अभाव है और दूसरा तथ्य यह भी कि उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल रहा है। भारत की बात करें तो तकरीबन 15 लाख कैंसर के नए मामले हर वर्ष सामने आते हैं। एक रिपोर्ट सें उद्घाटित हो चुका है कि हर आठ मिनट में ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। हर दिन दो हजार से अधिक लोगों की मौत तंबाकू सेवन से उपजे कैंसर के कारण होती है। 19 वर्ष की उम्र तक हर वर्ष तकरीबन 50 हजार बच्चे कैंसर के शिकार होते हैं। 20 हजार बच्चे इलाज के अभाव में और 30 फीसदी बच्चे जांच न हो पाने के कारण दम तोड़ देते हैं। अच्छी बात यह है कि 2016-18 के दौरान 'वी कैन, आई कैन' की थीम निर्धारित किए जाने के बाद कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक व व्यक्तिगत स्तर पर वैश्विक रूप से कैंसर की रोकथाम की दिशा में प्रयास करना है। देखा भी जा रहा है कि इस थीम के तहत लोग अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखकर तथा परिवार एवं समुदाय को इसके प्रति जागरूक रखकर कैंसर की रोकथाम और उससे बचाव की दिशा में अहम योगदान कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि गत वर्ष अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट ने दावा किया जा चुका है कि वर्ष 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। उसके मुताबिक कैंसर से सालाना 55 लाख महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। दरअसल, विशेषज्ञों ने शोध में पाया है कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है। अगर नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जाए तो इससे शरीर संतुलित रहेगा और एक तिहाई कैंसर के मामले रोके जा सकते हैं।विश्व कैंसर दिवस के संस्थापक 'यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल का दावा है कि विकासशील देश में फैली कैंसर की बीमारी उपचार के विकल्प की कमियों का नमूना भर है। यूनियन का कहना है कि अगर 'एचपीवी टीका' को कैंसर के मरीजों के बीच अच्छी तरह वितरित किया जाए और जागरूकता प्रसारित किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को समाप्त किया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

एक सत्संग ऐसी भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

अपनों के साथ मनाएं दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया जाता है। दीपावली के त्योहार का आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। यही वजह है कि भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोगों को हर वर्ष दीपावली के पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। वर्तमान आधुनिकता के इस दौर में जहां हर चीज का स्वरूप आधुनिक और स्मार्ट होता जा रहा है, वहीं धार्मिक एवं सामाजिक त्योहार भी आधुनिकता के प्रभाव से अछूते नहीं रह पाए हैं। आज भारत के त्योहार हों या दुनिया के अन्य देशों के पर्व, सभी पर आधुनिकता का आवरण चढ़ता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक युग की स्मार्ट पीढ़ी त्योहारों के पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से अनजान होती जा रही है।
- रविंद्र जोशी, बिलासपुर

ट्रेंड

वोटर आईडी से पात्रता



मोदी सरकार के एक मंत्री ने घोषणा की है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्रता अब आधार से नहीं, बल्कि वोटर आईडी से तय होगी। यह खतरनाक साजिश है। एसआईआर के नाम पर वोटर लिस्ट से लाखों लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। इसे नहीं रोका गया तो और भी नाम हटा दिए जाएंगे। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

बैडमिंटन में सिल्वर मेडल



सिर्फ 15 साल की उम्र में, तन्वी पत्री ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर भारत को गौरवान्वित किया है। यूथ ओलंपिक खेलों में बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई। हम उनके लिए और भी कई उपलब्धियों की कामना करते हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

यूजीसी नियम



यूजीसी नियमों के संबंध में केंद्र सरकार का सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखा सुझाव अत्यंत स्वागत योग्य है। हमें पूरा विश्वास है कि इस समीक्षा से एक ऐसा संतुलित निर्णय निकलेगा जो सभी के हितों की रक्षा करेगा।
- रवि शंकर प्रसाद, सांसद, बीजेपी

खेल सामान का निर्माण



खेल के सामान के निर्माण के लिए 1,856 करोड़ रुपये की पहल का स्वागत है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम निर्माण क्षमता (मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी) विकसित कर रहे है या वास्तव में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता ?
- अभिनव ए. बिंद्रा, ओलंपियन

करंट अफेयर

अमेरिकी राज्यों के गर्वनरों ने दिवाली समारोह किए आयोजित



अमेरिका के पांच प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय राज्यों के गवर्नरों और 20 से अधिक मेयरों ने पहली बार राज्य की राजधानियों और सिटी हॉल में दिवाली उत्सव की मेजबानी की है, जहां नेताओं ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय की विविधता और योगदान की सराहना की। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दिवाली समारोह मध्य अक्टूबर में शुरू हुए थे और 10 नवंबर तक जारी रहेंगे, जब ओरेगन के गवर्नर सलेम में अंतिम समारोह की मेजबानी करने वाले हैं। इन समारोहों में अमेरिकी सीनेटरों, अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों, स्थानीय मेयरों और बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं ने भाग लिया। इस क्षेत्र के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने अपने-अपने राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की भूमिका और योगदान की सराहना की और सांस्कृतिक विविधता के महत्व पर जोर दिया। पिछले महीने इडाहो स्टेट कैपिटल में समारोह को संबोधित करते हुए, गवर्नर ब्रैड लिटिल ने कहा कि इडाहो राज्य को एक ' 'जीवंत भारतीय समुदाय पर गर्व है जो अपने कारोबारों, व्यवसायों, सेवा और नागरिक भागीदारी के माध्यम से हमारे राज्य में बहुत योगदान देता है।

ऑफ बीट

बलीन व्हेल अब तक की सबसे बड़ी जीवित जीव



बलीन व्हेल समुद्र की रानी होती हैं, जो अब तक जीवित सबसे बड़े जीव हैं। रिकॉर्ड धारी ब्लू व्हेल (बैलेनोप्टेरा मस्कुलस) है, जो 30 मीटर तक की लंबाई तक पहुंच सकती है। यह बास्केटबॉल कोर्ट से भी लंबा है। हालाँकि, उनके पूरे विकासवादी इतिहास में, अधिकांश बलीन व्हेल अपेक्षाकृत बहुत छोटी थीं, लंबाई में लगभग पाँच मीटर। हालांकि अधिकांश जानवरों की तुलना में यह आकार अभी भी बड़ा है, लेकिन एक बलीन व्हेल के लिए यह काफी छोटा है। हालाँकि, दक्षिणी गोलार्ध से नई जीवाश्म खोजें इस कहानी को बदलने वाली हैं। इनमें नवीनतम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मुर्रे नदी के तट से मिला एक जीवाश्म है। लगभग 1.9 करोड़ वर्ष पुराना, यह जीवाश्म एक बलीन व्हेल के निचले जबड़े (या 'ठोड़ी') की नोक है, जिसकी लंबाई लगभग नौ मीटर है, जो इसे अपने समय का नया रिकॉर्ड धारक बनाता है। यह खोज आज प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी: बायोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुई है। अधिकांश स्तनधारियों के मुँह में दाँत होते हैं। बलीन व्हेल एक अजीब अपवाद हैं। जबकि उनके पूर्वजों के दांत थे, आज की बलीन व्हेल के पास बलीन है, जो महीन, बाल जैसे केराटिन का एक बड़ा रैक होता है जिसका उपयोग पानी से छोटे क्रिल को छानने के लिए किया जाता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

जयराम रमेश का आरोप- खाने-पीने पर खर्च हो रही ग्रामीण परिवारों की आधे से अधिक कमाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस का दावा: घटता बजट, महंगाई और कर्ज के दोहरे चक्रव्यूह में फंसी जनता

कांग्रेस ने देश में बढ़ती महंगाई, ग्रामीण परिवारों की घटती बचत और कर्ज के बढ़ते बोझ को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार में आम आदमी महंगाई और कर्ज के दोहरे चक्रव्यूह में फंसता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण खुशहाली और आर्थिक विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन उसकी अपनी संस्था राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सर्वेक्षण इन दावों की जमीनी हकीकत सामने ला रहे हैं। रमेश ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए महंगाई और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने नाबार्ड के ताजा ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं जनभावना सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि ग्रामीण परिवारों के मासिक उपभोग खर्च का 53.5 प्रतिशत हिस्सा केवल खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्च हो रहा है। इसका अर्थ है कि ग्रामीण परिवारों की आमदनी का बड़ा हिस्सा भोजन जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में ही खर्च हो रहा है और दूसरी आवश्यकताओं के लिए उनके पास सीमित संसाधन बच रहे हैं।

बचत घट रही, कर्ज लेने वाले परिवार बढ़ रहे

कांग्रेस नेता ने कहा कि ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति पर बढ़ता दबाव उनकी बचत और कर्ज के आंकड़ों में भी दिखाई दे रहा है। नाबार्ड के सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण परिवार अपनी मासिक आय का औसतन 12.6 प्रतिशत हिस्सा ही बचत कर पा रहे हैं। यह सर्वेक्षण शुरू होने के बाद बचत का सबसे कम स्तर बताया गया है। वहीं, 32.1 प्रतिशत परिवारों ने पिछले एक साल के दौरान अपनी वित्तीय बचत में गिरावट आने की बात कही है। सर्वेक्षण में यह भी सामने आया है कि कर्ज लेने वाले परिवारों का अनुपात बढ़ा है। सितंबर के सर्वेक्षण में 32.4 प्रतिशत परिवारों ने अपने कर्ज में वृद्धि होने की जानकारी दी, जबकि जुलाई में यह आंकड़ा 28.7 प्रतिशत था। सबसे चिंताजनक स्थिति अनौपचारिक स्रोतों से लिए जाने वाले कर्ज की है। ऐसे कर्ज पर ग्रामीण परिवारों को औसतन 18.3 प्रतिशत सालाना ब्याज चुकाना पड़ रहा है, जो जुलाई के 17.8 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। रमेश ने इन आंकड़ों के आधार पर सवाल उठाया कि जब ग्रामीण परिवारों की बचत घट रही है, कर्ज का बोझ बढ़ रहा है और रोजमर्रा की जरूरतें महंगी हो रही हैं, तो सरकार ग्रामीण खुशहाली के अपने दावों को किस आधार पर सही ठहरा रही है।

रोजमर्रा की जरूरतों की महंगाई से परेशान जनता

जयराम ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों को भी आम आदमी के लिए बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सब्जियों, फलों, दालों, खाद्य तेल, दूध और आटे जैसी रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्ग के घरेलू बजट को बुरी तरह प्रभावित किया है। पहले से सीमित आय में गुजारा कर रहे परिवारों के लिए अब घर का खर्च चलाना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने चिकित्सा खर्च में भी आने वाले समय में बढ़ोतरी की आशंका जताई। वर्ष 2027 में चिकित्सा खर्च करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। ऐसे में बीमारी और इलाज का खर्च आम परिवारों की आर्थिक परेशानियों को और बढ़ा सकता है।

दीपावली बाद साबुन, बिस्कुट समेत कई उत्पाद हो सकते हैं महंगे

रमेश ने रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुओं की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद साबुन, बिस्कुट, नूडल्स और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ाने की तैयारी है। इससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। कांग्रेस नेता का कहना है कि आम आदमी को न तो कमाई में पर्याप्त राहत मिल रही है, न महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण दिखाई दे रहा है और न ही स्वास्थ्य सेवाओं तथा इलाज का खर्च कम हो रहा है।

क्या कहता है नाबार्ड का सर्वेक्षण

नाबार्ड के सितंबर 2026 के ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं जनभावना सर्वेक्षण के प्रमुख निष्कर्ष इस प्रकार हैं:

- ग्रामीण परिवारों के मासिक उपभोग खर्च में भोजन और पेय पदार्थों की हिस्सेदारी 53.5 प्रतिशत है।
- परिवार अपनी मासिक आय का औसतन 65 प्रतिशत उपभोग पर खर्च कर रहे हैं।
- मासिक आय का औसतन 12.6 प्रतिशत हिस्सा बचत में जा रहा है।
- 32.1 प्रतिशत परिवारों ने वित्तीय बचत में गिरावट दर्ज की।
- 32.4 प्रतिशत परिवारों ने कर्ज बढ़ने की बात कही।
- अनौपचारिक कर्ज पर औसत सालाना ब्याज दर 18.3 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

खबर संक्षेप

पेरियार नॉलेज वर्ल्ड की खरीद में घोटाला: विजय

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कोयंबटूर में



'पेरियार नॉलेज वर्ल्ड' के लिए किताबें खरीदने में पिछली डीएमके सरकार के दौरान भ्रष्टाचार हुआ था। प्रोफेसर पेरुमल मुरुगन ने पर्दाफाश किया है और उनकी तारीफ की जानी चाहिए। डीएमके को भ्रष्टाचार की जड़ बताते हुए कहा वह भ्रष्टाचार में डूबी रहती है।

ट्रक की चपेट में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 5 की मौत

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास शुक्रवार को



एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुंडन संस्कार से लौट रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर 5लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जेएसएससी व सीजीएल परीक्षा रद्द, फैसला निरस्त

रांची। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन के



बीच झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा को रद्द करने संबंधी राज्य सरकार की अधिसूचना को 'अन्यायपूर्ण और अनुचित' बताया।

यूपी की महिला अफसर ने नौकरी छोड़ी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की एक और प्रशासनिक महिला अधिकारी का सरकारी नौकरी से मन भर गया है। आईएएस दिव्या मित्तल के बाद अब पीसीएस (जीएसटी) अनुपमा सरोज सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। अनुपमा यूपी सरकार में डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने अपने इस्तीफे की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की है। सरोज सपा प्रवक्ता अनुराग भदौरिया की पत्नी हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने जनता से अपील, 65 से ज्यादा सीटें जिताएं

कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई, हमने सीमा की सुरक्षा की

देहरादून में शाह ने विपक्ष पर किया प्रहार



एजेंसी ⏭ देहरादून

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की जनता से अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को 65 से अधिक सीटें जिताकर लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर परेड ग्राउंड में शाह ने कहा कि असम, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगा चुकी है। अब उत्तराखंड की बारी है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब आपने 46 प्रतिशत वोट देकर भाजपा को 57 सीटें दी थीं। 2022 में 44 प्रतिशत वोट के साथ 47 सीटें दीं। लेकिन इस बार इससे काम नहीं चलेगा। हमें 65 पार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई। हमने सीमा की सुरक्षा की।

> राज्य स्थापना दिवस समारोह में 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

कांग्रेस ने राज्य को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ा था

शाह ने कहा कि भाजपा इस सीमांत राज्य को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। इन तीनों उद्देश्यों के लिए हमें आपका जनादेश और आशीर्वाद चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि उसने वर्षों तक उत्तराखंड को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ दिया। कोई काम नहीं किया।



परेड ग्राउंड में समारोह के दौरान अमित शाह का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया

अब देश के साथ कोई दुस्साहस नहीं करेगा

शाह ने कहा कि भारत के साथ दुस्साहस करने वालों को केंद्र सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'सर्जिकल स्ट्राइक' के जरिए उनके घर में घुसकर जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पर आतंकवाद को रोकने में विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने इसे समाप्त करने की दिशा में कठोर कदम उठाए हैं। शाह ने 'वाइब्रेंट विलेज' योजना का उल्लेख करते हुए कहा किमोदी सरकार ने सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव माना है।

कांग्रेस निकाल रही 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा

एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध पर शाह ने कहा कि राहुल गांधी की 'वोट बचाओ यात्रा' वास्तव में 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा है। उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, तुष्टीकरण की राजनीति करने, शुक्रवार की नमाज के लिए छुट्टी का प्रस्ताव लाने, राम मंदिर का विरोध करने, भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया।

राज्य में यूसीसी लागू किया

शाह ने दावा किया कि भाजपा ने 10 वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में किसी को 4 शादियां करने या 'तीन तलाक' के जरिए किसी महिला का अपमान करने की अनुमति नहीं है।

धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही

शाह ने प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। इनमें दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना और केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं। केंद्र में मोदी और प्रदेश में धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं।

कांग्रेस मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी

शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी, जबकि भाजपा सरकार अवैध मजारों और मदरसों को हटाकर प्रदेश को अतिक्रमण से मुक्त करेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें तय करना है कि उन्हें भाजपा की विकास करने वाली सरकार चाहिए या भ्रष्टाचार करने वाली सरकार। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ता उत्तराखंड के नागरिकों से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

वोटर लिस्ट से नाम कटने वालों को राहत

दोबारा फॉर्म भरने का मिलेगा मौका, ईसी ने प्रक्रिया सरल की

राहत उन्हें मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें चुनाव आयोग ने एक और मौका देने का फैसला किया है। यह राहत उन लोगों को मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे, लेकिन अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्ट होने, मृत या डुप्लीकेट दर्ज किए जाने के कारण उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं आ सके। आयोग ने ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नई व्यवस्था तय की है। आयोग ने शुक्रवार को इस संबंध में दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए। आयोग ने कहा है कि ऐसे सभी मतदाताओं को अपना नाम जुड़वाने के लिए एक और अवसर दिया जाए। इसके लिए बूथवार सूची तैयार होगी और संबंधित मतदान केंद्रों के साथ पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लॉक विकास अधिकारियों के कार्यालयों में भी प्रदर्शित की जाएगी।

बीएलओ घर-घर पहुंचेंगे, आनलाइन भी दे सकेंगे फार्म

जिन मतदाताओं के नाम एसडीडी श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें गणना फॉर्म दोबारा जमा करने का अवसर मिलेगा। जिन लोगों के फॉर्म अधूरे हैं, उनके लिए भी नई व्यवस्था की गई है। संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के डैशबोर्ड पर ऐसे फॉर्म दोबारा तैयार किए जाएंगे। बीएलओ मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने के लिए घर-घर जाएंगे और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भी मदद लेंगे। जहां संपर्क की जानकारी उपलब्ध होगी, वहां वॉट्सएप, ईमेल और एसएमएस के जरिए भी फॉर्म भेजे जा सकेंगे। मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर से वेबसाइट पर फॉर्म डाउनलोड करके भर सकते हैं।

फार्म जमा न करने का कारण बताना होगा

आयोग ने उन मतदाताओं के लिए अलग प्रक्रिया तय की है, जो अपने पुराने पते पर ही रह रहे हैं। ऐसे लोगों को भरा हुआ और हस्ताक्षर किया गया गणना फॉर्म जमा करना होगा। इसके साथ उन्हें यह बताना होगा कि पहले फॉर्म क्यों जमा नहीं हो पाया था। इसके लिए आयोग ने अनुलग्नक-बी का प्रारूप दिया है। मतदाता इसे संबंधित ईआरओ, सहायक ईआरओ या बीएलओ को खुद या परिवार के किसी सदस्य के जरिये सौंप सकते हैं। इसे ईसीआईनेट पर ई-साइन के साथ जमा करने की सुविधा भी होगी।

झारखंड के खूंटी में सड़क हादसा

स्कूटी सवार को बचाने दौड़े लोगों को ट्रेलर ने रौंद दिया, 7 की मौत

एजेंसी ⏭ खूंटी

झारखंड के खूंटी जिले से रोंगटे खड़े कर देने वाला दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कर्रा थाना



क्षेत्र स्थित कोशांबी कॉलोनी के पास गुरुवार रात एक बेकाबू 18 चक्का ट्रेलर ने सड़क पर मौजूद लोगों को बुरी तरह रौंद दिया। दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रधानमंत्री, सीएम ने की आर्थिक मदद की घोषणा

रात करीब सवा 10 बजे एक स्कूटी सवार सड़क किनारे झाड़ियों में गिर गया था। शोर सुनकर ग्रामीण बचाने के लिए घरों से बाहर निकले। कुछ युवक झाड़ी में फंसे स्कूटी सवार को बाहर निकालने में जुटे थे। तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े 9 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।

हाईकोर्ट बीएसई और अमिताभ के बंगले को उड़ाने की धमकी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बम की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट हो गई हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट को ईमेल भेजकर बम से



उड़ाने की धमकी दी गई है। इसमें बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज , वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। मुंबई में बच्चन के2 बंगले हैं। एक प्रतीक्षा और दूसरा जलसा।

अंबाला छावनी में शहीद स्मारक देखने के लिए ऑनलाइन और मौके पर होगी टिकट बुकिंग, निशुल्क प्रवेश के लिए भी करानी होगी बुकिंग: अनिल विज

15 से जनता कर सकेगी सदीदार, पहले एक माह प्रतिदिन 500 लोगों को मिलेगा निशुल्क प्रवेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक आगामी 15 नवंबर, 2026 से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा और एक महीना तक यह स्मारक प्रतिदिन 500 लोगों को निशुल्क दिखाया जाएगा। विज आज यहां मीडिया बाईट में यह जानकारी दे रहे थे। विज ने बताया कि इस स्मारक में आने के लिए आम जनता को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक इसकी टिकटें बुक करानी होगी।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश से एक महीना ये निशुल्क/मुफ्त दिखाया जाएगा और एक महीना तक प्रतिदिन केवल 500 लोगों को ही दिखाया



जाएगा। उन्होंने बताया कि निशुल्क/मुफ्त देखने वालों को भी अपनी टिकट बुक करनी होगी। उसके लिए पर जाकर ऑनलाईन अपनी टिकट को बुक कर सकते हैं। इसके अलावा, मेमोरियल में भी टिकट देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आजादी की पहली लड़ाई कांग्रेस के जन्म से 28 वर्ष पहले अंबाला छावनी में 10 मई, 1857 से शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि मेरठ से 9 घंटे यह लड़ाई शुरू थी और यह लड़ाई सशस्त्र हुई थी तथा ये लड़ाई सारे देश में लड़ी गई थी। लेकिन जिन शहीदों को पेड़ों से बांध-बांधकर गोलियां मार दी गई और जिन पर कोल्हू चलवाए गए गांव के गांव अंग्रेजों द्वारा जला दिए गए थे।

विज ने बताया कि ऐसे उन हजारों शहीद, जिनको कभी इतिहास में जो स्थान मिलना चाहिए था, वो नहीं मिला। उन शहीदों को स्थान दिलाने के लिए अंबाला छावनी में शहीद स्मारक का निर्माण किया गया है जिसका उद्घाटन हमारे देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 5 नवंबर, 2026 को कर दिया है।

कांग्रेस की मांग- नियमित सैनिकों के समान वेतन, सुविधाएं, मुआवजा और अन्य अधिकार भी दिए जाएं

अग्निपथ योजना को पूरी तरह खत्म किया जाए और सेना में नियमित भर्ती बहाल हो

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मांग की है कि अग्निपथ योजना को पूरी तरह खत्म किया जाए, सेना में नियमित भर्ती बहाल हो और अग्निवीरों को नियमित सैनिकों के समान वेतन, सुविधाएं, मुआवजा तथा अन्य अधिकार दिए जाएं।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन कर्नल रोहित चौधरी, उत्तराखंड पूर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन कर्नल राम रतन नेगी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विभाग के वाइस चेयरमैन कर्नल सिधिर कुमार और चंडीगढ़ में विभाग के चेयरमैन लेफ्टिनेंट कर्नल नवजोत सिंह थिंड ने कहा कि अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार देकर मोदी सरकार ने स्वीकार किया कि उसने अग्निपथ योजना लाने का गलत फैसला किया था। पार्टी नेताओं ने इस फैसले को सिर्फ लीपापोती बताया।

रोहित चौधरी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष



राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इस योजना का विरोध कर रही है और इसे समाप्त कर सेना में नियमित भर्ती बहाल करने की मांग उठा रही है। इसी उद्देश्य से देशभर में 'जय जवान' अभियान चलाया गया। कांग्रेस द्वारा दबाव बनाए जाने और आने वाले विधानसभा चुनावों के डर से मोदी सरकार अब चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों में से 25 प्रतिशत को नियमित करने के अलावा शेष 75 प्रतिशत को दो साल का सेवा विस्तार देने की बात कर रही है। इसके बाद चयन मानदंड पूरे करने वाले और इच्छुक अग्निवीरों को नियमित कर दिया जाएगा, जबकि जो ऐसा करने में विफल रहेंगे, उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने सीडीएस के बयान का हवाला देते हुए सवाल किया कि यदि अग्निवीरों का प्रदर्शन अच्छा है, तो सभी को स्थायी क्यों नहीं बनाया जा सकता?

रोहित चौधरी ने मांग की कि जिन 25 प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित किया जा रहा है, उन्हें सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती होने की तारीख से ही नियमित सैनिकों के समान वेतन, मिलिट्री सर्विस पे, महंगाई भत्ता और अन्य सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाए। उन्हें भी नियमित सैनिकों की तरह सालाना 30 की बजाय 90 दिन की छुट्टी दी जाए। इसके साथ ही सेवा के दौरान चिकित्सकीय कारणों से बाहर किए गए अग्निवीरों को दोबारा सेवा में शामिल करने की मांग भी उठाई। उन्होंने यह भी कहा कि शहीद होने वाले अग्निवीरों के परिवारों को नियमित सैनिकों के समान सारे लाभ, सम्मान, मुआवजा और आजीवन पेंशन मिलनी चाहिए। इसके अलावा, अग्निवीर के रूप में कार्यकाल के दौरान शादी पर लगाए गए प्रतिबंध को भी उन्होंने युवाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया और इसे समाप्त करने की मांग की।

रोहित चौधरी ने बताया कि नियमित सैनिकों के मुकाबले अग्निवीरों को कम वेतन और सुविधाओं के कारण सरकार को ही रही बचत का पैसा कहां जा रहा है, इसका हिसाब देश के सामने रखा जाए।

उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना राष्ट्रीय सुरक्षा, सेना की परंपराओं और युवाओं के भविष्य के खिलाफ है। तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने इसे अपनी ओर से प्रस्तावित योजना नहीं बताया था। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना से त्रस्त होकर कई अग्निवीरों ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के आने के बाद सेना में करीब सवा दो लाख जवानों की कमी हो गई। लगभग डेढ़ लाख युवा भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद नियुक्ति पत्र का इंतजार करते रह गए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की लंबी अंतरराष्ट्रीय और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित एवं अनुभवी नियमित सैनिकों की आवश्यकता है। सेना में चार साल की संविदा आधारित भर्ती से कैडर प्रबंधन, प्रशिक्षण और सैनिकों के भविष्य को लेकर कई समस्याएं पैदा हुई हैं।

कर्नल रोहित चौधरी, कर्नल राम रतन नेगी, कर्नल सिधिर कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल नवजोत सिंह थिंड ने बताया कि कांग्रेस अब 'जय जवान पार्ट-2' अभियान शुरू करने जा रही है। यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक अग्निपथ योजना पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाती और अग्निवीरों को नियमित सैनिकों का दर्जा नहीं मिल जाता।

खबर संक्षेप

हिंडाल्को का लाभ 59 फीसदी बढ़कर 7,533 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 58.8 प्रतिशत बढ़कर 7,533 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4,741 करोड़ रुपये था।

ब्रिटानिया का मुनाफा 10.8% बढ़कर 726 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। बेकरी उत्पाद बनाने वाली कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 725.99 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 655.06 करोड़ रुपये के मुकाबले 10.82 प्रतिशत अधिक है। सितंबर तिमाही में 16.6 प्रतिशत बढ़कर 5,541.57 करोड़ रुपये हो गया।

नियो ग्रुप ने म्यूचुअल फंड कारोबार किया शुरू

नई दिल्ली। नियो वेल्थ एंड एसेट मैनेजमेंट (नियो ग्रुप) ने अपनी वित्तीय सेवा पेशकश का विस्तार करने की योजना के तहत नियो म्यूचुअल फंड की शुरुआत के साथ म्यूचुअल फंड कारोबार में प्रवेश की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि नियो म्यूचुअल फंड ने करीब 10 अनुभवी फंड प्रबंधकों को अपने साथ जोड़ा है।

सोने का भाव 1.68 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोतीलाल ओसवाल सर्विसेज ने तिमाही सराफा रिपोर्ट में लगाया अनुमान

घरेलू बाजार में सोने की कीमत अगले 6-12 महीनों में बढ़कर 1.60-1.68 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। निवेश मांग जारी रहने और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी के बीच दाम बढ़ने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

- वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें 4,500-4,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएंगी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने अपनी ताजा तिमाही सर्राफा रिपोर्ट में अनुमान लगाया कि मध्यम अवधि में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतें 4,500-4,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएंगी, जबकि अल्पावधि में घरेलू कीमतें 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पास रह सकती हैं।

सोना सुरक्षित संपत्ति के रूप में महत्व बनाए हुए

एमओएफएसएल के जिंस शोध प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, "वैश्विक आर्थिक और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोना एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में अपना महत्व बनाए हुए है। हालांकि, निकट भविष्य में इसकी दिशा फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति, मुद्रास्फीति के रुझान, अमेरिकी डॉलर की चाल और वास्तविक बॉन्ड प्रतिफल से निर्धारित होगी।"



वर्ष 2025 में तेज उतार-चढ़ाव देखे गए

चांदी भी 100 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के पार जाने के बाद तेज गिरावट का शिकार हुई। रुपया-डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव ने घरेलू सर्राफा कीमतों में अस्थिरता को और बढ़ा दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि 2025 की एकतरफा तेजी के विपरीत, इस साल बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में अधिक तेज उतार-चढ़ाव देखे गए हैं, जो बदलती वैश्विक वृहद आर्थिक स्थितियों और मौद्रिक नीति से जुड़ी उम्मीदों को दर्शाते हैं।

वैश्विक घटनाक्रमों का भी पड़ा प्रभाव

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष की असाधारण तेजी के बाद अमेरिकी ब्याज दरों में वृद्धि के अनुमान, मुद्रास्फीति के जारी रहने, ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल और वैश्विक घटनाक्रमों के बीच 2026 में बहुमूल्य धातुओं में उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत जनवरी 2026 में लगभग 5,600 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर 4,000 अमेरिकी डॉलर से नीचे आ गई और फिर उनमें सुधार हुआ।

वैश्वक बाजारों में रही भारी गिरावट

विदेशी निवेशकों की रही लगातार खरीदारी

कच्चे तेल की नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत

निफ्टी नौ महीने के शीर्ष पर पहुंचा

धनतेरस पर झूम उठा शेयर बाजार सेंसेक्स में 1,718 अंकों का उछाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में जारी रहा। विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मजबूत हुई निवेशक धारणा के बीच सेंसेक्स 1,718 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, दूसरी तिमाही में कंपनियों के बेहतर वित्तीय नतीजों और रुपये में मजबूती से भी बाजार की धारणा को समर्थन मिला। इसके साथ ही शेयर बाजार में दिवाली का त्योहारी उत्साह भी बना हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,718.01 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 81,028.02 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी 25 हजार के पार

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 493.75 अंक यानी 2.01 प्रतिशत की तगड़ी बढ़त के साथ दिन के उच्चतम स्तर 25,030.35 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी का नौ महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है।

महिंद्रा के शेयर में रही सबसे अधिक तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 6.15 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने एक दिन पहले कहा था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 4,587.88 करोड़ रुपये रहा। वाहन कारोबार में मजबूत राजस्व वृद्धि से कंपनी के लाभ को समर्थन मिला।

सात कारोबारी सत्रों में रही तेजी

पिछले लगातार सात कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 7,781.99 अंक यानी 10.62 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 2,331.5 अंक यानी 10.27 प्रतिशत की तेजी आई है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 2,008.61 अंक यानी 2.60 प्रतिशत उछलकर 79,310.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 576 अंक यानी 2.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,536.60 अंक पर बंद हुआ था।



सेंसेक्स के शेयरों में मात्र पावर ग्रिड में रही गिरावट

इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी बढ़त रही। चौतरफा तेजी के बीच सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से केवल पावर ग्रिड का शेयर ही गिरावट में रहा।

स्मालकैप में रही गिरावट : व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.23 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.92 प्रतिशत की गिरावट आई। इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स ने 6,568.49 अंक यानी 8.82 प्रतिशत की जोरदार बढ़त दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी ने कुल 1,977.25 अंक यानी 8.57 प्रतिशत की छलांग लगाई।

एयरटेल दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी

भारती एयरटेल ने शुक्रवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से जियो प्लेटफॉर्म्स को पीछे छोड़ते हुए दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान फिर से हासिल कर लिया। बीएसई पर भारती एयरटेल के शेयर 1.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,096.25 रुपये पर बंद हुए। कारोबार के दौरान शेयर में 2.81 प्रतिशत की तेजी आई और यह 2,120 रुपये तक पहुंच गया। वहीं, जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 0.90 प्रतिशत गिरकर 1,405.75 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान शेयर में दो प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह 1,390 रुपये पर आ गया। कारोबार के अंत में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 13 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि जियो प्लेटफॉर्म्स का बाजार मूल्यांकन 12.94 लाख करोड़ रुपये था।

उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति :–	128-SRDEE-G-DLI-2026-27 पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर प्रकाश व्यवस्था की विश्वसनीयता/रिडंडेंसी (अतिरिक्त सुरक्षा) में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य।
निविदा की अनुमानित लागत:–	रू0 46134839.00/–
कार्यालय का पता:–	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली, 110055
बयाना राशि:–	रू0 922700.00/–
निविदा निवेदन की दिनांक व समय:–	30.11.2026, 13.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय:–	30.11.2026, 13.00 बजे
वेब साइट व नोटिस बोर्ड :–	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 3909/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटड
(Registered Office: - Shakti Bhawan, Sector-6, Panchkula
Corporate Identity Number: U40101HR1997SGC03368
O/o Executive Engineer, Transmission System Division, HVPNL, panipat
Website: www.hvpn.org.in Email: xentspnp@hvpn.org.in

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटड

"सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का मकान 132/220 के. वी. बिजली की लाइनों, जो एच.वी.पी.एन.एल. के सोनीपत व पानीपत एरिया के अधीन हैं, के नीचे अथवा 132 के.वी. लाइन के 27 मीटर तथा 220 के.वी. लाइन के 35 मीटर के कॉरिडोर में बना हुआ है या कोई मकान बनाता है, वे सभी बिजली नियम 1956 की धारा 80 और 82 (1) के तहत अवैध हैं। यदि भविष्य में बिजली की इंडक्शन से कोई भी जान-माल की हानि होती है तो उसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे, विभाग की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।"

XEN TS Divn. HVPNL, Panipat
संवाद-1052/11/105/2027/50859/C/88/7 दि. 06.11.26

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

धनतेरस पर एनएसई ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स को दिया बढ़ावा

नई दिल्ली। इस धनतेरस पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) निवेशकों को इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआरएस) के माध्यम से सोने में निवेश के एक नए विकल्प को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यह एक एक्सचेंज-ट्रेडेड वित्तीय साधन है, जिसके जरिए निवेशक खुद सोने को सुरक्षित रखने की आवश्यकता के बिना भौतिक सोने का स्वामित्व इलेक्ट्रॉनिक रूप में रख सकते हैं। मई 2026 में शुरू किया गया एनएससी का इजीआर प्लेटफॉर्म भारत के पारंपरिक स्वर्ण बाजार को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक इजीआर, एसईबीआई-पंजीकृत वॉल्ट में सुरक्षित रखे गए भौतिक सोने के स्वामित्व का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे शेयरों की तरह डीमैट खाते में रखा जा सकता है। निवेशक पंजीकृत ब्रोकरों के माध्यम से ईजीआर की खरीद-बिक्री कर सकते हैं और निर्धारित निकासी प्रक्रिया के तहत अपनी होल्डिंग को भौतिक सोने में भी बदल सकते हैं। यह उत्पाद 10 मिलीग्राम से लेकर 1 किलोग्राम तक की विभिन्न मात्राओं में उपलब्ध है। इसमें 995 और 999 शुद्धता वाले सोने के विकल्प शामिल हैं। इसका निपटान T+1 चक्र के तहत होता है।

अमेरिका का डॉऊ 1800 अंक टूटा, कोरिया, जापान के मार्केट क्रैश

नई दिल्ली। अमेरिका, जापान और कोरिया के शेयर बाजारों में भारी बिकवाली देखने को मिली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेक्टर पर सख्ती की आशंका से निवेशकों में भगदड़ फैल गई। वॉल स्ट्रीट का बेंचमार्क इंडेक्स डॉऊ जोन्स 1,842 अंक यानी 3.45 प्रतिशत टूटकर 51,513 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डैक कंपोजिट में 5.46 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 24,315 पर आ गया। एसएंडपी 500 भी 4.32 प्रतिशत गिरकर 7,353 पर बंद हुआ। दूसरी ओर शुक्रवार को जापान का निक्केई इंडेक्स भी 6 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया। एशियन मार्केट में आज ब्लैक फ्राइडे रहा।

- जापान का निक्केई इंडेक्स भी 6 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़का

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	पं. भ.द. शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक	पीजीआईएमएस रोहतक में मशीनरी और उपकरण की आपूर्ति हेतु।	06.11.2026 07.12.2026	46,000/-	www.uhsr.ac.in	9416358222 principal.cgcsj@uhsr.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50863/I/88/7 दि. 06.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी	विश्वविद्यालय के लिए इंटरनेट लीज्ड लाइन सर्विसेज 1000 एमबीपीएस को किराये पर लेना।	05.11.2026 20.11.2026	30 लाख	www.cblu.ac.in	7015764726 purchase@cblu.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50848/I/88/7 दि. 06.11.26

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.69 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.69 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 1.27 अरब डॉलर घटकर 719.75 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई है।

एलआईसीः प्रदर्शन की प्रमुख उपलब्धियां 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही (प्रथम छमाही, वित्त वर्ष 2026-27)

मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के लिए स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित एवं स्वीकृत कर लिया है। निगम के स्टैंडअलोन प्रदर्शन की प्रमुख उपलब्धियां निम्नलिखित हैं। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान निगम का कर पश्चात लाभ (PAT) 25,568 करोड़ रहा, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 21,040 करोड़ था। इस प्रकार इसमें 21.52% की वृद्धि दर्ज की गई। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (FYPI) (आईआरडीएआई के अनुसार) के आधार पर बाजार हिस्सेदारी की दृष्टि से एलआईसी भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है तथा 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान इसकी कुल बाजार हिस्सेदारी 58.77% रही, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 59.41% थी। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान व्यक्तिगत व्यवसाय में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 37.51% तथा समूह व्यवसाय में 70.45% रही। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान कुल प्रीमियम आय 2,74,269 करोड़ रही, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 2,45,680 करोड़ थी जो कि 11.64% की वृद्धि दर्शाती है। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम आय 14.86% की वृद्धि दर्ज करते हुए 32,725 करोड़ रही, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 28,491 करोड़ थी।

कार्यालय नगर पंचायत बिलाईगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Entail ID- npbilaigarh08@gmail.com

क्र./1013/न.पं./लो.नि.वि./2026-27 बिलाईगढ़, दिनांक 30/10/2026

// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-F (Lumpsum) अंतर्गत आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य विवरण	अनु. लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि	Tender Document Fee	समय सीमा	सक्षम श्रेणी	फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि
1	203016	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Bilaigarh under SBM 2.0 (1st Call)	INR 235.46 LAKH	INR 1.50 Lakh TDR/ FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh	INR 10000/- in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh	Construction Period-15 months (including rainy season) + 03 months of trial run (from the date of issuing of work order)	"B" and Above	25.11.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा/सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बिलाईगढ़

शब्द पहेली - 6401



बाएँ से दाएँ
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

ऊपर से नीचे
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली- 6400 का हल

	स	ह	का	रि	ता		अ	चा	न	क
हा	र		य		ना	वि	क		त	र
थ		त	र	जु	मा		ल	ता		दा
मा	कू	ल			र	थ		क	वि	ता
र		घ		फ	ना		खा		र	
ना	म	र	ख	ना		रा	ज	म	ह	ल
	थ		त		मो	ह		ह		प
क	ना	त		रा	ह			क	पा	ल
र		ना	प		त	म	क	ना		पा
ता	ना		ली	ड	र		थ		का	ना
र	च	यि	ता		मा	ख	न	चो	र	



रणजी ट्रॉफी : त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर किया बड़ा उलटफेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी का रोमांच जारी है। इसके चौथे राउंड में आखिरकार पृथ्वी शॉ रंग में नजर आए,जिसके चलते महाराष्ट्र की टीम ने बंगाल के विजयी अभियान को रोक दिया। वहीं, इस सीजन 400 रन की पारी से रिकॉर्ड बनाने वाले मिजोरम के चिन्मय सुतार ने एक बार फिर 175 रन की पारी खेलकर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है।

अब पूरी दुनिया में फर्स्ट क्लास क्रिकेट की पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम हो गया है। चिन्मय के अलावा रणजी ट्रॉफी की कमजोर मानी जाने वाली त्रिपुरा की टीम ने भी बड़ा उलटफेर कर डाला। त्रिपुरा ने पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से हराकर सभी को चौंका दिया।



त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को चौंकाया

अगरतला के मैदान पर खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम से श्रीदम पॉल ने 136 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाकर 86 रन की पारी खेली थी, जिससे त्रिपुरा की टीम ने पहली पारी में 268 का फाइटिंग टोटल बनाया। इसके मुकाबले सौराष्ट्र का कोई भी बल्लेबाज त्रिपुरा की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। नतीजा यह रहा कि सौराष्ट्र की पहली पारी 118 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली त्रिपुरा ने दूसरी पारी में 191 रन का टोटल बनाया और सौराष्ट्र को चेज करने के लिए 342 का विशाल स्कोर दिया, जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 208 रन ही बना सकी और त्रिपुरा ने 133 रन के बड़े अंतर से पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र की टीम को ढेर कर दिया।



सुतार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड से दिलाई जीत

मिजोरम की टीम से खेलने वाले चिन्मय सुतार ने रणजी ट्रॉफी सीजन में बल्ले से रनों की सुनामी ला रखी है। नागालैंड के खिलाफ 400 रन की नाबाद पारी खेल डाली थी। इसके बाद मेघालय के खिलाफ 125 रन और अब अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 175 रन की मैराथन पारी खेल डाली। इस तरह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की दुनिया में पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने वाले चिन्मय दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। अरुणाचल प्रदेश की टीम 285 और 257 रन ही बना सकी. इसके चलते मिजोरम को पारी और 29 रन से जीत मिली।

हैदराबाद की एक विकेट से रोचक जीत

हैदराबाद के खिलाफ सिकंदराबाद के मैदान पर छत्तीसगढ़ की टीम ने पहली पारी में 284 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मिलिंद ने तीन विकेट तो तीन विकेट रक्षण रेड्डी ने भी झटके। इसके बाद हैदराबाद के लिए राहुल रदेश ने 72 रन की पारी खेली तो उनकी टीम 280 रन ही बना सकी और पहली पारी के आधार पर छत्तीसगढ़ से चार रन पीछे रही। दूसरी पारी में छत्तीसगढ़ ने 254 रन का टोटल बनाया और मयंक वर्मा ने सबसे अधिक 81 रन की पारी खेली, जिससे छत्तीसगढ़ ने हैदराबाद को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य दिया था। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के एक समय 220 रन पर 9 विकेट गिर गए थे। अनिकेत ने 39 रन तो रक्षण ने 15 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों ने दसवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके टीम को हारे हुए मैच में एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

खबर संक्षेप



पीएम मोदी से मिले सूर्यकुमार यादव

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूर्यकुमार के साथ उनकी पत्नी देविशा, उनकी नवजात बेटी, उनकी साली दीक्षा, उनके साले अजय शेट्टी और उनकी साली के दो बच्चे राम और सरयू भी थे। इस मुलाकात के दौरान सरयू ने मोदी के सामने एक कन्नड़ गीत भी गाया, जिसे प्रधानमंत्री ने बहुत पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है।' भारत ने सूर्यकुमार की अगुवाई में इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया था लेकिन इसके बाद खराब फॉर्म के कारण वह टीम में जगह नहीं बना पाए थे।

चीन चैंपियनशिपः प्रणवी ने किया कट में प्रवेश



शेनजेन। शीर्ष गोल्फर प्रणवी उर्स चीन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलकर कट में प्रवेश करने में सफल रहीं। प्रणवी ने शुरुआती दौर में पार 73 का कार्ड खेला था। 36 होल का खेल पूरा होने के बाद वह कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। कट भी एक अंडर के स्कोर पर तय हुआ, जिसमें 67 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। शुरुआती दो दौर के खेल के बाद 20 वर्षीय स्थानीय खिलाड़ी लिकी जेंग 12 अंडर पार के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ हसन महमूद ने चटकाए 6 विकेट



सिलहट। बांग्लादेशी तेज गेंदबाज हसन महमूद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट चटकाए। इसी के साथ हसन ऑस्ट्रेलियाई स्टार नाथन लियोन के बाद ऐसे दूसरे गेंदबाज बन गए, जिन्होंने अपने पहले पांच 'फाइव-विकेट हॉल' पांच अलग-अलग देशों में लिए। हसन महमूद ने सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में 24 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 90 रन देकर 6 शिकार किए। इस दौरान एक ओवर मेडन निकाला। टेस्ट क्रिकेट में यह महमूद का पांचवां 'फाइव-विकेट हॉल' है। महमूद ने साल 2024 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ 43 रन देकर 5 शिकार किए थे, जबकि साल 2024 में चेन्नई में भारत के विरुद्ध 83 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

आर्यवीर का धमाका, इंडिया अंडर-19 ने नेपाल को हराया



एजेंसी ▶▶| अल अमेरत

आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

ईशान सूद (18 रन देकर 3 विकेट) और अर्जुन राजपूत (8 रन देकर 3 विकेट)) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने नेपाल को 42.3 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद दिग्गज भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर (नाबाद 70) और रायचंदानी (नाबाद 53) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने केवल 19.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाकर 185 गेंद शेष रहते जीत हासिल की और इस तरह से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम का स्कोर एक समय चार विकेट पर 51 रन था। उसकी तरफ से दर्श सोनार ने 43 रन और आशीष लूथर के 29 रन का योगदान दिया। सूद ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि राजपूत ने पुछल्ले बल्लेबाजों को नहीं टिकने दिया।

आर्यवीर ने की आक्रामक बल्लेबाजी

भारत जब बल्लेबाजी के लिए उतरा तो रायचंदानी ने शुरू में तेजी दिखाई लेकिन इसके बाद आर्यवीर ने अपने आक्रामक तेवरों का शानदार नजारा पेश किया। उन्होंने 52 गेंद की अपनी पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। रायचंदानी 63 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 53 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत अपना अगला मैच रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे आज

युवा पेसरों के दम पर सीरीज में बढ़त दोगुनी करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को दूसरे वनडे में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढत दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे।

श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी।

भारतीय गेंदबाजों को डालनी होगी 'फुललैंग्थ'

अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है, जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंग्थ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैंड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें 'फुललैंग्थ' गेंद डालनी होगी।





कम्बोज को टेस्ट का मिला फायदा

अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिए लेकिन कम्बोज ने 46 डॉट गेंद डाली। उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंग्थ से गेंदबाजी की, जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नई गेंद सौंपी जा सकती है । चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों।

बल्लेबाजों को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने कहा, ' मुझे नहीं पता , यह टीम प्रबंधन तय करेगा।' बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे, जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था। विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शॉर्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शॉर्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गए।

कोंवे सीरीज से बाहर केली टीम में



वेलिंगटन। भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कोंवे को अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण बाकी मैचों से बाहर हो गए। कोंवे को पहले वनडे से पूर्व लंबी चोट के कारण आकलैंड में अस्पताल ले जाना पड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को उनकी जगह शनिवार को होने वाले दूसरे मैच में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह जानकारी दी। फील्डिंग के दौरान कोंवे की टक्कर मैट हेनरी से हुई थी हालांकि हेनरी कनकशन से बच गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं।

लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में सेंथिलकुमार



लंदन। भारत के वेलावान सेंथिलकुमार ने लंदन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने पराग्वे के 124वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को मारकांटोनियो को 11-5, 11-7, 14- 12 से हराया। अब उनका सामना दुनिया के 99वें नंबर के खिलाड़ी आमिर खालिद जोसेलिन से होगा। भारत के 167वीं रैंकिंग वाले अयान वाजिराली पहले दौर में ऊंची रैंकिंग वाले बेन स्मिथ से हार गए।

यूईएफए यूरोपा लीग : ओलंपिक मार्सिले ने बायर लेवरकुसेन को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

अमीन गौरी के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से ओलंपिक मार्सिले ने यूईएफए यूरोपा लीग में बायर लेवरकुसेन पर 1-0 से जीत हासिल की। मेहमान टीम ने बेएरिना में बेहतर शुरुआत की।

गौरी ने पेनल्टी एरिया के अंदर एक लंबे पास को नियंत्रित करने और अपने मार्कर से बचने के बाद शुरुआती मौका गंवा दिया, लेकिन गोलकीपर मार्क फ्लेकेन ने उसे रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों में से किसी ने भी लगातार आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं किया। मेजबान टीम 42वें मिनट में गोल करने के सबसे करीब पहुंची जब मिगुएल गुटिरेज का डिफ्लेक्टेड शॉट क्रॉसबार से टकराया। इसके बाद हाफटाइम से पहले जेरेल क्वांसाह का शॉट थोड़ा वाइड चला गया।



बैडमिंटन

युवा ओलंपिक : 15 साल की तन्वी ने जीती चांदी



एजेंसी ▶▶| डकार

भारत की तन्वी पात्री युवा ओलंपिक की एकल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई, जिन्हें फाइनल में चीन की झांग यि शिन ने हराया।

■ रजत पदक जीतने वाली बनीं पहली भारतीय महिला शटलर

1 घंटा और 22 मिनट तक चले मुकाबले में 15 साल की तन्वी को मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन ने 15-21, 21-13, 26-24 से हराया। तन्वी ने कहा,' यह उपलब्धि मेरे लिए काफी मायने रखती है और इससे आगे अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।' तन्वी से पहले भारत के एचएस प्रणय (2010) और लक्ष्य सेन (2018) ने युवा ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा,'तन्वी पात्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पंद्रह वर्ष की उम्र में रजत पदक जीतना असाधारण उपलब्धि और पूरे देश के लिये गर्व का पल है।'

आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच चार दिवसीय मैच

टेस्ट सीरीज से पहले लय तलाशेंगे बुमराह-जडेजा

एजेंसी ▶▶| लिंकन

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले भारत ए की तरफ से खेलते हुए शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम चार दिवसीय मैच में अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे।

बुमराह ने अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के फाइनल के रूप में 3 अक्टूबर को खेला था। इसके बाद उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत टी20 और मौजूदा वनडे श्रृंखला के लिए टीम में नहीं रखा गया था। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले बुमराह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ मैच में यहां की परिस्थितियों से अवगत होने की पूरी कोशिश करेंगे।



चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध

भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को काफी महत्व दिया है और इसलिए उसके कई सीनियर खिलाड़ी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। इससे उन्हें यहां की हवादार और ठंडी परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका मिला है। हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध को भी टेस्ट क्रिकेट के लिए टीम में बरकरार रखा गया है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे के रूप में खेला था।

न्यूजीलैंड पहुंचे जडेजा

सौराष्ट्र के लिए दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद जडेजा न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। उन्होंने इन दो मैच में 7 विकेट लिए और एक शतक बनाया। वनडे टीम में जगह नहीं बना पाने वाले जडेजा रणजी ट्रॉफी की अपनी फॉर्म को यहां भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। इस श्रृंखला के पहले दो मैच ड्रॉ रहे थे।

शानदार फार्म में पडिक्कल और जुरेल

देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने हैगली ओवल में खेले गए पिछले मैच में नाबाद 155 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। पहले मैच के बाद वनडे टीम से बाहर किए गए ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को भी लाल गेंद से खेलने का कुछ समय मिलने की उम्मीद है। पिछले दो मैचों में पिचें बल्लेबाजी के लिए अनुकूल साबित हुईं।



खबर संक्षेप

किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने 904.32 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और



जाने-माने कारोबारी किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही, शुक्रवार को मुंबई में उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके भाई राकेश बियानी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल



को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने जूनियर महिला सहकर्मी से रेप के मामले में मिली 10 साल की सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। तेजपाल पर नवंबर 2013 में गोवा के एक लग्जरी होटल की लिफ्ट में अपनी जूनियर सहकर्मी के साथ रेप करने का आरोप है।

टैंक फार्म में आग लगने से 1 की मौत, 6 झुलसे

डिब्रूगढ़। असम के डिब्रूगढ़ जिले में ऑयल इंडिया लिमिटेड के इंटरमीडिएट टैंक फार्म में शुक्रवार



सुबह आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए। कंपनी के अनुसार, तेंगाखाट स्थित इंटरमीडिएट टैंक फार्म में सुबह करीब 9:05 बजे रखरखाव कार्य के दौरान आग लगी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए।

पराग्वे में राष्ट्रपति पेना ने दिया इस्तीफा

एसनसियोन। पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना ने उनकी सरकार से जुड़े एक बड़े डिजिटल बैंक के



दिवालिया होने के बाद इस्तीफा देने की घोषणा की। यूएनो बैंक के इस संकट से लाखों लोगों की जमा-पूंजी फंस गई और देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। उनकी अपनी पार्टी ने भी उनसे समर्थन वापस ले लिया। पेना के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू करने की घोषणा की है। पेना के इस्तीफे के कुछ ही मिनट बाद संसद के निचले सदन ने शून्य के मुकाबले 78 मतों से उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया और आरोप सीनेट को भेज दिए।

कई क्षेत्रों के लिए एआई मॉडल विकसित कर रहे

'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' लॉन्च, वैष्णव बोले भारत जल्द बनेगा दुनिया की 'एआई एप्लिकेशन राजधानी'

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति हो रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया की 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप्लिकेशन राजधानी' बनने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' के लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और जैसे-जैसे यह तकनीक विकसित होगी, नए अवसर भी खुलेंगे।

- वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे

जल्द भारत की अपनी ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) चिप होगी



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

पोर्टल में गंभीर आवेदक ही ले सकेंगे हिस्सा

सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें केवल पूरी तरह भरी गई (कंप्लीट) एप्लिकेशंस ही स्वीकार की जाएंगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सेमीकंडक्टर उद्योग की गंभीर कंपनियां ही इसमें हिस्सा लें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसमें गैर-गंभीर आवेदकों के लिए कोई जगह नहीं है।

एप्लिकेशन पर फोकस

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम भारत को दुनिया की 'एप्लिकेशन राजधानी' बनाने पर पूरा जोर दे रहे हैं। उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है। हमारा उद्योग इन एप्लिकेशंस पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रहा है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति भी हो रही है।

अहम इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का निर्माण हो रहा

अश्विनी वैष्णव ने महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि आज हम पूरा बैटरी सेल बना रहे हैं। हम कॉपर फॉयल बना रहे हैं। हम पीसीबी के लिए कॉपर-क्लैड लैमिनेट बना रहे हैं। पूरी वैल्यू चेन में हम हर प्रोग्राम और हर मंजूरी के साथ गहराई से काम कर रहे हैं। यह कदम भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

'वीटो पावर' का इस्तेमाल कर विरोधियों के एजेंडे को पलटेंगे ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के परिणामों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसद के दोनों सदनों, निचले सदन-प्रतिनिधि सभा और उच्च सदन-सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है। यानी विधायिका में डेमोक्रेटिक पार्टी अब रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफ मजबूत हो गई। दूसरी तरफ कई राज्यों के गवर्नर और विधानसभा चुनाव में भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने रिपब्लिकन को हराकर अपना शासन स्थापित किया है। यूं तो इन चुनावों में राष्ट्रपति की कुर्सी दांव पर नहीं थी, लेकिन इस पद के साथ मिलने वाली कई शक्तियां अब कम हो सकती हैं।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी ने डेमोक्रेट्स के विधायी एजेंडे और जांच अभियानों को बेअसर करने के लिए एक आक्रामक प्रशासनिक रणनीति बनाई है। डेमोक्रेट्स के पास वीटो को पलटने के लिए न तो प्रतिनिधि सभा और न ही सीनेट में जरूरी दो-तिहाई बहुमत (प्रतिनिधि सभा में



290 और सीनेट में 67 सीटें) है। इसके चलते ट्रंप ने खुद को मिस्टर वीटो घोषित किया है और स्पष्ट किया है कि डेमोक्रेट्स की ओर से पारित ऐसे किसी भी विधेयक को वे सीधे वीटो कर देंगे जो उनके एजेंडे के उलट होगा। दरअसल, राष्ट्रपति भले ही देश का सबसे बड़े नेता और सरकार के प्रमुख हैं, लेकिन अंततः वे सरकार की कार्यपालिका शाखा से आते हैं और इस शाखा के अधिकतर फैसले बिना संसद की मंजूरी के पूरे नहीं हो सकते।

- डेमोक्रेट्स का ट्रंप पर ईरान युद्ध समाप्त करने का दबाव
- ट्रंप प्रशासन और उनके करीबियों की आक्रामक जांच

डेमोक्रेट्स टैरिफ और व्यापार शुल्क रद्द करवाएंगे

प्रतिनिधि सभा के स्पीकर हकीम जेफ्रीज की पहली प्राथमिकता रिपब्लिकन पार्टी की ओर से आम लोगों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा- मेडिकेड में की गई कटौती को बहाल करना और अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को फिर से लागू करना होगी। ही वे दवाओं की कीमतों को सीमित करने का प्रयास करेंगे। डेमोक्रेट्स ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कों, खासकर कनाडा पर लगे लेवी को वापस लेने के लिए एंड ट्रंप्स टैरिफ टैक्स एक्ट जैसा कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं, डेमोक्रेट्स एक ऐसा प्रस्ताव लाने की योजना बना रहे हैं। जिससे ट्रंप को या तो ईरान में युद्ध समाप्त करना पड़े या फिर कांग्रेस से अनिवार्य मंजूरी लेनी पड़े। युद्ध की फंडिंग को हताहतों और हथियारों के खुलासे की शर्तों से जोड़ने की तैयारी है। डोनाल्ड ट्रंप के बेटे ट्रंप जूनियर की निवेश फर्म (1789 कैपिटल) द्वारा समर्थित कंपनी को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय- पेंटागन की तरफ से मिले 62 करोड़ डॉलर के कर्ज और ट्रंप के दामाद जैरेड कुशनर के प्राइवेट इक्विटी फंड में खाड़ी देशों के अरबों डॉलर के निवेश की जांच की जाएगी। इसके अलावा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान से पहले एलन मस्क के ग्रोक एआई चैटबॉट के इस्तेमाल के रिकॉर्ड की भी मांग की जाएगी। डेमोक्रेट्स पार्टी कैबिनेट अधिकारियों पर महाभियोग चलाने पर सहमत हो रही है।

दबाव और पॉकेट वीटो की रणनीति अपनाएंगे ट्रंप

ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे लोकप्रिय विधेयकों पर बार-बार वीटो की धमकी देकर या प्रशासन की नीतिगत चेतावनियों के जरिए डेमोक्रेट्स को कानून में संशोधन करने या अंततः समझौते की मेज पर आने के लिए मजबूर करेंगे। संसद (कांग्रेस) के स्थगन के समय ट्रंप बिना हस्ताक्षर किए विधेयकों को रद्द करने वाले पॉकेट वीटो का उपयोग कर सकते हैं, जिसे कांग्रेस द्वारा दोबारा मतदान से भी नहीं पलटा जा सकता। डेमोक्रेट्स के जांच के लिए जारी होने वाले समन और संभावित महाभियोग का मुकाबला करने के लिए व्हाइट हाउस काउंसिल के दफ्तर ने विशेष रूप से 15 अतिरिक्त वकीलों की भर्ती कर ली है। प्रशासन जांच समितियों के सामने गोपनीय संचार और कार्यकारी विशेषाधिकार का हवाला देकर जानकारी दबाने की योजना बना रहा है।

सीएम साहा ने घटना की समीक्षा की

बीएसएफ जवानों पर हमला करने वाले 8 गिरफ्तार, कुल 18 पकड़े

एजेंसी ▶▶ अगरतला

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर कथित तौर पर हमला करने और उनमें से तीन को घायल करने के आरोप में आठ और लोगों को पकड़ा गया है। जिससे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। तस्करी के संदेह में सिपाहीजाला जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने के विरोध में सोमवार को आशाबारी सीमा चौकी के पास ग्रामीणों के एक समूह ने बीएसएफ कर्मियों पर हमला कर दिया था, जिसमें एक सहायक कमांडेंट समेत 3 जवान घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि भीड़ ने बीएसएफ के एक वाहन में तोड़फोड़ की। सीएम माणिक साहा ने गुरुवार रात वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की।



इस वर्ष विशाखापट्टनम में आयोजित किया गया यह अभ्यास सफलता के साथ हुआ संपन्न

'टाइगर ट्रायम्फ' से भारत-अमेरिका की सेनाओं ने सीखे एचएडीआर अभियानों को मजबूत बनाने के गुर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ वक्त से भारत और अमेरिका के संबंधों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और सैन्य साझेदारी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। जिसका नजारा पिछले गुरुवार को विशाखापट्टनम में सफलता के साथ संपन्न हुए त्रि-सैन्य स्तरीय मानवीय सहायता तथा आपदा राहत अभ्यास (एचएडीआर) 'टाइगर ट्रायम्फ-2026' में प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला है। अभ्यास की असल शुरुआत पिछले महीने के अंत में 31 अक्टूबर को हुई थी।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को दी गई जानकारी में बताया कि टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास में दोनों देशों के तीनों सशस्त्र सेनाओं के कर्मियों ने भाग लिया। उन्होंने खासतौर पर सैन्यबल अभ्यास स्टाफ-एक्स और परिदृश्य आधारित आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं के परीक्षण और मूल्यांकन संबंधी सैन्य चर्चा, टेबलटॉप अभ्यास जैसी गतिविधियों पर ध्यान दिया।

नौसेना-थलसेना के संयुक्त अभियान

वास्तविक अर्थों में टाइगर ट्रायम्फ का उद्देश्य समझने की कोशिश करें तो इसके जरिए दोनों देशों की कोशिश संयुक्त मानवीय सहायता-आपदा राहत अभियानों की योजना तैयार करने,



अंतर-संचालनीयता क्षमता बढ़ाने और आपसी समझ को मजबूत बनाने पर थी। इसके अलावा अभ्यास में खासतौर पर संयुक्त उभयचर अभियानों में नौसेना और थलसेना द्वारा एकजुटता से समुद्र के रास्ते दुश्मन के किसी तट तथा इलाके पर हमला करने पर जोर दिया।

2019 में हुआ आगाज

मंत्रालय ने बताया कि इस अभ्यास की भारत और अमेरिका के बीच शुरुआत करीब 8 साल पहले यानी वर्ष 2019 में हुई थी। तब इसके केंद्र में परिचालन तत्परता को बढ़ाने व द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को सुदृढ़ बनाने जैसे मामलों को प्रमुखता के साथ शामिल किया गया था। लेकिन मौजूदा वर्ष 2026 में टाइगर ट्रायम्फ का 5 नवंबर को हुआ सफलतापूर्वक समापन संयुक्त मानवीय सहायता-आपदा राहत क्षमता बढ़ाने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) में शांति, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान को लेकर दोनों देशों की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है। युद्धाभ्यास के समापन समारोह में भारतीय नौसेना की पूर्वी कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल विशाल बिश्नोई और अमेरिका के प्रशांत बेड़े के उप-कमांडर रियर एडमिरल जोक्किन जे.मार्टिनेज डी.पिनिलोस सहित दोनों देशों के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

सैन्यबलों को हुआ यह लाभ

अभ्यास की मदद से दोनों देशों के सैन्यबलों को रणनीतिक योजना बनाने, शैक्षणिक व्याख्यान, समसामयिक विषय के विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श और अनुभवों को आपस में साझा किया गया।

जिसमें साइबर क्षेत्र, चिकित्सा अभियानों के साथ अन्य तमाम विषयों को शामिल किया गया। वहीं, दूसरी ओर इस कवायद के माध्यम से पेशेवर विशेषज्ञता, सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को बढ़ावा मिला। युद्धाभ्यास का एक अन्य फायदा ये हुआ कि इससे संयुक्त रूप से होने वाली मानवीय सहायता-आपदा राहत अभियानों के दौरान उत्पन्न परिचालन चुनौतियों, समन्वय तंत्र में साझा समझ विकसित करने में मदद मिलेगी।



अमिनी एक पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है, जिसे स्वदेश में जीआरएसई ने बनाया है

नौसेना की समुद्री युद्धक क्षमता में लगे चार-चांद, शामिल हुआ 'अमिनी' युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल होने वाले युद्धपोतों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ताजा मामला पनडुब्बी रोधी जंगी युद्धपोत (एएसडब्ल्यू) 'अमिनी' से जुड़ा हुआ है। जिसे नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल किया गया है। कोलकाता स्थित देश के रक्षा क्षेत्र के एक प्रमुख शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने इस पोत का डिजाइन और निर्माण इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के तहत किया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

रॉकेट लांचर, सोनार से लैस है



अमिनी: मंत्रालय के मुताबिक, अमिनी देश की समुद्री सेना के लिहाज से आकार में एक बहुत बड़े उभयचरी युद्धपोतों (एम्फीबियस वॉरशिप) में से एक है। जिसमें अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और सोनार जैसे हथियार लगाए गए हैं। ये सभी समुद्र में पानी के नीचे मौजूद खतरों का पता लगाने और उनसे बखूबी निपटने में पूरी तरह से सक्षम हैं। वहीं, ये नौसेना का एक ऐसा पोत है। जो कि सैन्य बल की पनडुब्बी रोधी, तटीय निगरानी के साथ-साथ बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमताओं को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

लक्षद्वीप से हुआ अमिनी नामकरण: युद्धपोत का नामकरण केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के अमिनी द्वीप से लिया गया है। मूल रूप से यह पोत पूर्ववर्ती पेट्या तृतीय श्रेणी के पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस अमिनी की अगली पीढ़ी है। जिसे वर्ष 2002 में सेवामुक्त कर दिया गया था। यहां बता दें कि पोत नामकरण की उक्त प्रक्रिया नौसेना की उस विशिष्ट विरासत का हिस्सा है। जिसमें युद्धपोतों को बल के जंगी बेड़े में एक निर्धारित अवधि तक सेवा देने के बाद उनकी नाम सहित विरासत को संजोकर रखा जाता है।

लगाई गई 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री: मंत्रालय ने कहा कि अमिनी की नौसेना को की गई डिलीवरी दो तरह से बेहद खास हो जाती है। जिसमें एक ओर यह देश के भीतर होने वाले जहाज निर्माण के दृष्टिकोण से किसी महत्वपूर्ण उपलब्धि से कम नहीं है। वहीं, दूसरी ओर केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत के विजन के मानक पर भी यह शत-प्रतिशत खरा उतरता हुआ नजर आता है। युद्धपोत में लगाई गई स्वदेशी सामग्री का आंकड़ा 80% से अधिक है। जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि यह पोत घरेलू रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम की बढ़ती मजबूती, आयात पर भारत की निर्भरता में कमी के तथ्य की पुष्टि होती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109